बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

संस्कार उजाला
www.sanskarujala.com
SANSKAR UJALA
सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार

संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 143 | शनिवार 14 सितम्बर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## पहाड़ों का सीना चीर भारत ने बनाई एशिया की सबसे लंबी वाटर टनल

**नई दिल्ली ।**

बरशेनी से पार्वती नदी का पानी सैंज घाटी के सिउंड तक लाने के लिए बनाई जा रही हेडरेस टनल की खुदाई का काम पूरा कर लिया गया है। यह एशिया की सबसे लंबी वाटर टनल है जिसकी लंबाई 32 किलोमीटर है। यह छह मीटर चौड़ी है। मणिकर्ण घाटी के पूलगा से इस टनल की खुदाई शुरू हुई थी। पार्वती परियोजना का पहला चरण पूरा हो चुका है और बिजली उत्पादन हो रहा है।

पार्वती जल विद्युत परियोजना के दूसरे चरण में मणिकर्ण घाटी के पुलगा से पार्वती नदी का पानी 32 किलोमीटर लंबी टनल के माध्यम से सैंज घाटी के सिउंड में पहुंचाया जाएगा। सिउंड में पार्वती परियोजना का विद्युत उत्पादन एरिया बनाया गया है। पुलगा गांव के समीप कंक्रीट ग्रेविटी बांध से 32 किलोमीटर लंबी सुरंग के भीतर पानी को गुजर जाएगा और इसे सैंज के सिउंड के समीप पावर हाउस में गिराया जाएगा। 1999 में अटल बिहारी ने इस टनल की नींव रखी थी। 25 साल पहले मणिकर्ण घाटी के पूलगा से टनल टनल का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। लेकिन बीच में कई बाधाओं का भी परियोजना प्रबंधन को सामना करना पड़ा। जिसके चलते इसके निर्माण कार्य में भी काफी देरी हुई है। यहां पर टनल निर्माण के दौरान पहाड़ी से पानी आने के चलते भी करीब 4 सालों तक इसका निर्माण कार्य बंद रहा। पार्वती परियोजना जिला कुल्लू के तीन इलाके पार्वती, गड़सा और सैंज में स्थित है। यह हिमाचल की सबसे बड़ी परियोजना है। इस परियोजना निर्माण पर 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत का अनुमान है। पार्वती परियोजना के एक चरण का कार्य पूरा हो चुका है और यहां पर 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन भी किया जा रहा है। दूसरे चरण का कार्य भी पूरा हो जाने पर 1500 मेगावाट से अधिक की बिजली का उत्पादन होने लगेगा। कुल मिलाकर हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में बिजली उत्पादन के लिए बनाई जा रही पार्वती परियोजना के दूसरे चरण की अंतिम बाधा को भी पार कर लिया गया है। अब 32 किलोमीटर लंबी टनल के बन जाने से पार्वती प्रोजेक्ट चरण दो में भी जल्दी ही बिजली उत्पादन होने की आस

जगी है। टनल की अंतिम खुदाई पूरी हो चुकी है और अब सिर्फ लाइनिंग का काम शेष बचा है।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करें।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733833

## कुछ लोगों को पता ही नहीं है कि हमारा संविधान क्या कहता है

### -उपराष्ट्रपति धनखड़ ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बिना नाम लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को पता ही नहीं है कि हमारा संविधान क्या कहता है। आरक्षण हमारे संविधान में अंतर्निहित है। यह सकारात्मक कार्रवाई के रूप में है, यह हमारे संविधान का एक जीवंत पहलू है। कुछ लोग इसे हल्के में लेते हैं। उन्होंने कहा कोई भी व्यक्ति अपने होश में यह दावा कैसे कर सकता है कि कोई व्यक्ति अपने ही देश में पूजा स्थल पर नहीं जा सकता?

उपराष्ट्रपति धरखड़ ने कहा कि इस बात की निंदा करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं, यह अपनी चरम सीमा पर अनुचित है। उन्होंने कहा कि देश के बाहर हर भारतीय को भारत का राजदूत बनना होगा। कितना दुखद है कि एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति इसके ठीक उलट काम कर रहा है। इससे ज्यादा निंदनीय, घृणित और असहनीय कुछ नहीं हो सकता कि आप राष्ट्र के दुश्मनों का हिस्सा बन जाएं। उपराष्ट्रपति का यह बयान बीजेपी द्वारा राहुल गांधी पर निशाना साधने के बाद आया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता की आदत बन गई है कि वे देश को बांटने की साजिश करने वाली ताकतों के साथ खड़े होते हैं। राहुल गांधी अमेरिका में बयान देते हुए भारत के अंदर आरक्षण और धार्मिक स्वतंत्रता के बारे में बात करते हैं। अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने वर्जीनिया में एक भाषण दिया था, जहां उन्होंने भारतीय अमेरिकी समुदाय के सैकड़ों लोगों से बातचीत की थी।

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा था आरएसएस कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर मानता है। उन्होंने कहा कि भारत में राजनीति के लिए नहीं बल्कि इस बात की लड़ाई लड़ी जा रही है। लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं। या एक सिख के रूप में वह गुरुद्वारा जा सकते हैं या नहीं। राहुल गांधी के इस बयान पर खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अपना समर्थन दिया था। राहुल गांधी के बयान को जायज ठहराते हुए पन्नू ने कहा कि राहुल गांधी ने काफी बोल्ड स्टेटमेंट दिया है। उनका ये बयान सिख फॉर जस्टिस के अलग खालिस्तान देश की मांग को जस्टिफाई करता है।

## बीजेपी की स्टार प्रचारकों की सूची में पीएम मोदी, राजनाथ, शाह भी शामिल

**नई दिल्ली।**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बीजेपी के 40 स्टार प्रचारकों में पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम नायब सिंह सैनी, योगी आदित्यनाथ और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का नाम शामिल है। इसके अलावा नितिन गडकरी, मोहन लाल बडोली, मनोहरलाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, अर्जुन राम मेघवाल, हरदीप सिंह पुरी, रवनीत सिंह बिट्टू, राव इंद्रजीत सिंह भी हरियाणा में लोगों के बीच जाकर वोट मांगेंगे। वहीं, राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दिया कुमारी, मध्यप्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव, हिमंत बिश्वा सरमा, पुष्कर सिंह धामी, हिमाचल के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किए गए हैं। वहीं अनुराग ठाकुर, हेमा मालिनी, सुरेंद्र सिंह नागर, बिप्लब कुमार देव, सुधा यादव, कृष्णपाल सिंह गुर्जर, किरन चौधरी, नवीन जिंदल, मनोज तिवारी के अलावा स्थानीय नेता कुलदीप बिश्नोई, बबीता फोगाट, धर्मबीर सिंह, अशोक तंवर, रामचंदर जांगड़ा, सतीश पुनिया, जाट नेता संजीव बालियान भी बीजेपी प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे और जनता से वोट मांगेंगे। बता दें कि हरियाणा में 5 अक्टूबर को चुनाव होना है और 8 अक्टूबर को इसके नतीजे आएंगे।

## बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति की रक्षामंत्री राजनाथ ने की तारीफ

**नई दिल्ली।**

बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के साझेदार देशों के बीच सहयोग, समन्वय और विश्वास बढ़ाने के लिए बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह अभ्यास रक्षा संबंधों को मजबूत करने और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रक्षामंत्री ने कहा कि तरंग शक्ति के जरिए भारत ने न केवल साझेदार देशों के साथ अपने रक्षा संबंधों को मजबूत किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि हम जरूरत के समय एक साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्य संस्कृतियां हवाई युद्ध के अनुभव और युद्ध-लड़ाई के सिद्धांत ज्ञान और कौशल के समृद्ध आदान-प्रदान में योगदान करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज, भारतीय वायुसेना सबसे अच्छे और आधुनिक विमानों से सुसज्जित है, जो हमारी प्रगति और क्षमता को दर्शाता है। सिंह ने भारत के रक्षा क्षेत्र में हाल की प्रगति की ओर भी इशारा किया, जिसमें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और सफान हेलीकॉप्टर इंजन के बीच सहयोग शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत केवल हथियारों के आयातक से विकसित होकर एक महत्वपूर्ण निर्यातक बन गया है, जिसके रक्षा उपकरण अब करीब 90 देशों में पहुंच रहे हैं।

## जो ताकतें देश के खिलाफ चलती हैं राहुल गांधी उनके साथ चलते हैं

### -केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जम्मू में कांग्रेस पर किया पलटवार

**जम्मू।**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर जम्मू में एक सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने बीजेपी नेताओं की तरफ इशारा करते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव 2024 में यदि कांग्रेस की 20 सीटें और आ गई होती तो ये सारे के सारे लोग जेल में होते। अनुराग ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे में कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता नजर आती है। खड़गे चुनाव हारने के बाद भी लोकतंत्र और भारत की जनता का अपमान कर रहे हैं। वहीं विदेश में जाकर राहुल गांधी भारत को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। राहुल गांधी देश के टुकड़े करने वाले लोगों के साथ नजर आते हैं। बीजेपी देश के टुकड़े करने वालों को जड़ से खत्म करने का काम करती है। कांग्रेस की तानाशाही वाली मानसिकता नहीं चलेगी। इसे देश स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने भारत विरोधी सांसद इल्हान उमर से राहुल गांधी की मुलाकात को देश विरोधी बताया। ठाकुर ने कहा कि जो ताकतें देश के खिलाफ चलती थीं राहुल गांधी उनके साथ चलते हैं। वह भारत विरोधी इल्हान के साथ मुलाकात करते हैं। वहां कौन सा झंडा था। यह लोग क्यों पाक अधिकृत कश्मीर से आए लोगों के और भारतीय समुदाय के हक छीनना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी क्यों आरक्षण को खत्म करना चाहती है।

बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने राज्य में चुनावों के बीच कश्मीर के अनंतनाग में एक सभा में कहा था कि लोकसभा चुनावों में 400 सीटों का दावा करने वाले लोग 246 सीटों पर आ गए। यदि कांग्रेस पार्टी की 20 सीटें और आ गई होती तो ये सभी लोग आज जेल में होते। ये लोग जेल में ही रहने लायक हैं। बीजेपी भाषण बहुत देती है, लेकिन इसकी करनी और कथनी में बहुत ही ज्यादा फर्क है।

## अब भारी बारिश को रोकेंगे हमारे वैज्ञानिक, जीपीटी तकनीक का करेंगे इस्तेमाल

**नई दिल्ली ।**

भीषण गर्मी से बचाव के लिए बारिश कराने की तकनीक वैज्ञानिक खोल करते रहे हैं। भारत, चीन समेत दुनिया के कई देशों ने इसमें महारत भी हासिल कर ली है। अब भारतीय वैज्ञानिक एक कदम आगे बढ़ते हुए भारी बारिश को रोकने की भी तकनीक ईजाद करने में जुट गए हैं। अब उन शहरों में बारिश को रोकने या टालने की कोशिश की जाएगी, जहां कोई बड़ा कार्यक्रम होना हो या फिर कोई राष्ट्रीस त्यौहार जैसा अवसर हो। इसके अलावा भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं। अगर इस तकनीक में सफलता मिलती है ऐसे हालातों को टाला जा सकेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक अगले एक से डेढ़ साल में इस दिशा में कुछ ठोस प्रगति हो सकती है। इसके तहत कहीं बारिश कराई जा सकेगी और जरूरत पड़ने पर बारिश को टाला भी जा सकेगा। इस तकनीक को मौसम जीपीटी नाम दिया गया है। यही नहीं मौसम की भविष्यवाणी को और सटीक बनाने की दिशा में भी वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। यदि ऐसी तकनीक में भारत महारत हासिल करता है तो वह

दुनिया में एक बड़ी सफलता हासिल कर लेगा और मौसम से जुड़े बदलावों को नियंत्रित करने में वह अन्य देशों के मुकाबले एक कदम आगे होगा। ऐसा माना जा रहा है कि इससे बादल फटने जैसी घटनाओं से भी बचाव में मदद मिलेगी। अगले पांच साल में भूगर्भ विज्ञान मंत्रालय एक चैट जीपीटी की तर्ज पर ऐसा ऐप तैयार करने जा रहा है, जिससे मौसम की जानकारियां आसानी से मिल सकेगी। इस एप की मदद से लोगों को मौसम के बदलावों के बारे में लिखित और ऑडियो के जरिए जानकारी मिल सकेगी। बारिश को आगे बढ़ाने या रोकने के लिए पहले से ही क्लाउड सीडिंग तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तकनीक का अब तक अमेरिका, कनाडा, चीन, रूस और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में इस्तेमाल हो रहा है।

## सीबीएसई की पुनर्गणना के लिए आवेदन प्रक्रिया 18 सितंबर से शुरू होगी

**कोटा ।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की पुनर्गणना (मार्क्स इम्प्रूवमेंट) के लिए आवेदन प्रक्रिया 18 सितंबर से शुरू हो रही है। आवेदन की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर तक रखी है। शिक्षा जानकार अमित आहूजा ने बताया कि जो विद्यार्थी पुर्नगणना के लिए आवेदन करना चाहते हैं उन्हें सीबीएसई की वेबसाइट पर दिए गए प्राइवेट कैंडिडेट लॉगिन पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए विद्यार्थी सभी पांचों विषयों में पुर्नगणना करना चाहता है, तब 1500 रुपए शुल्क, साथ ही यदि वह एक या एक से अधिक विषय में पुर्नगणना देना चाहता है, तब प्रति विषय 300 रुपए परीक्षा शुल्क जमा करवाना होगा। सीबीएसई की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार- इन विद्यार्थियों की परीक्षा फरवरी, मार्च व अप्रैल 2025 में प्रस्तावित मुख्य परीक्षाओं के साथ आयोजित की जाएगी। जानकार आहूजा ने बताया कि हर साल जेईई एडवांस और जेईई मेन देने वाले सबसे ज्यादा स्टूडेंट्स सीबीएसई बोर्ड के ही होते हैं। पिछले कुछ सालों में 2020 से 2022 में आईआईटी एनआईटी में प्रवेश के लिए बोर्ड अंकों की पात्रता में छूट दी गई। पिछले साल 2023 से बोर्ड पात्रता को फिर से लागू किया गया और छात्रों को 12वीं बोर्ड में टॉप-20 प्रतिशत या 75 प्रतिशत प्राप्तांक को अनिवार्य किया गया। इसके बाद में अब इस वर्ष 2025 में भी आईआईटी एनआईटी में प्रवेश के लिए बोर्ड अंकों की पात्रता को लागू किया जाना निश्चित है।

## उत्तराखंड में डेंगू मार रहा डंक, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर

**देहरादून।** स्वास्थ्य मंत्री डा धनसिंह रावत ने राज्य में डेंगू के बढ़ने प्रकोप के मद्देनजर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और रेखीय विभागों के साथ समन्वय बनाते हुए डेंगू प्रभावित क्षेत्रों और प्रभावित इलाकों में माइक्रोप्लान के अनुरूप प्रभावी कदम उठाते हुए डेंगू को नियंत्रित किया जाए। और इसकी निगरानी की जाए। रावत ने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। यही वजह है कि इस साल डेंगू नियंत्रण में है, फिर भी हमें सावधानी की जरूरत है।

## पीएम मोदी के जन्म दिन 17 सितंबर से गुजरात में शुरू होगा 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान

### 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान का देशव्यापी प्रारंभ होने वाला है

**अहमदाबाद ।**

स्वच्छता के जन आंदोलन के तथा सुशासन के प्रेरणास्रोत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर मंगलवार से 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान का देशव्यापी प्रारंभ होने वाला है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की सामूहिक भावना जन-जन में उजागर करने के उद्देश्य से आयोजित हो रहे इस अभियान को समग्र गुजरात में जन भागीदारी से भारी सफलता दिलाने का संकल्प व्यक्त किया है।

भूपेन्द्र पटेल ने इस संदर्भ में गुरुवार को राज्य के जिला कलेक्टरों तथा महानगर पालिका आयुक्तों के साथ गांधीनगर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अभियान के आयोजन को अंतिम रूप दिए जाने की सर्वग्राही समीक्षा की। उन्होंने इस बैठक में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि राज्यभर में स्वच्छता-सफाई के कार्यक्रम पूरे वर्ष निरंतर चलते रहें, ऐसे मैकेनिज्म की व्यवस्था करके ही हम 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' को सही अर्थ में सार्थक कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य सरकार के पारदर्शी, संवेदनशील एवं प्रो-एक्टिव प्रशासन को अधिक गतिशील बना कर जनता की व्यक्तिगत समस्याओं के स्थल पर निवारण के अभिनव प्रयोग 'सेवा सेतु' के 10वें चरण के आयोजन की पूर्व तैयारियों की भी समीक्षा की। गुजरात में 'स्वच्छता ही सेवा 2024' और 'सेवा सेतु' का 10वाँ चरण; दोनों 17 सितंबर से 31 अक्टूबर तक जन भागीदारी के साथ आयोजित होने वाले हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के समक्ष इन दोनों जनहितकारी कार्यक्रमों के विस्तृत कार्यायोजन का प्रेजेंटेशन दिया गया। मुख्य सचिव राज कुमार ने जिलों व महानगरों में इन कार्यक्रमों के संदर्भ में प्रशासन की तैयारियों की गहनतापूर्वक समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष का 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान तीन स्तंभों पर आयोजित किया जाएगा। तद्अनुसार क्लीनलीनेस टारगेट यूनिट्स (सीटीयू) आइडेंटिफाई करके उनकी साफ-सफाई निश्चित समय सीमा में करने के साथ समग्र रूप से सामान्य साफ-सफाई को भी प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य में अब तक ऐसे 14778 सीटीयू की पहचान कर ली गई है।

इस अभियान में जन भागीदारी को व्यापक रूप से जोड़ने के लिए स्वच्छता शपथ, नुक्कड़ नाटकों, वॉल पेंटिंग, वेस्ट टु आर्ट के अलावा स्वच्छता की थीम आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता-सफाई को प्रोत्साहित करने के लिए जिला-राज्य स्तरीय स्वच्छ कार्यालय प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी और स्वच्छता की सामूहिक शपथ ग्रहण करवाई जाएगी। स्वच्छता मित्र यानी सफाई कर्मयोगियों तथा सफाई वाहकों के लिए सुरक्षा शिविरों, स्वास्थ्य जाँच शिविरों तथा सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाओं के लाभ उन्हें देने के विषय को भी इस अभियान के तीसरे स्तंभ के रूप में शामिल किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान में विभिन्न मापदंडों में श्रेष्ठता-उत्कृष्टता के लिए श्रेष्ठ जिला, तहसील व गाँव सहित कुल 34.80 करोड़ रुपए के 222 पुरस्कार 'निर्मल गुजरात 2.0' अंतर्गत दिए जाएंगे।

## कुरूक्षेत्र में बारिश से पीएम मोदी की रैली पर छाया संकट

### - पंडाल तक जाना भी मुश्किल, पूरा रास्ता कीचड़ से भरा

**कुरुक्षेत्र।** कुरूक्षेत्र के थीम पार्क में होने वाली रैली के प्रवेश करने के स्थान पर कीचड़-कीचड़ हो गई है। यहां कल पीएम नरेंद्र मोदी रैली करने वाले हैं अब रैली स्े थल पर संकट के बादल छा गए हैं। कुरूक्षेत्र में गुरुवार रात और शुक्रवार सुबह हुई बारिश के चलते रैली का पूरा स्थल पर कीचड़ मच गया है। पंडाल में प्रवेश करना भी मुश्किल है। इस रैली में आयोजकों ने 6 जिलों के 23 विधानसभा क्षेत्रों के बीजेपी प्रत्याशियों और पूरे प्रदेश से हजारों लोगों के शामिल होने के दावे किए हैं, लेकिन बारिश के चलते जो कीचड़ हो गया है, उससे पंडाल में जाना भी बमुश्किल हो गया है और ऐसे में आयोजकों के लिए पीएम मोदी की रैली में भीड़ जुटा पाना भी मुश्किल हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक आज और कल कुरूक्षेत्र में बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी से तेज बारिश की संभावना जताई गई है। ऐसे में यदि रैली स्थल पर पंडाल तक जाने के रास्ते को ठीक नहीं किया गया और फिर बारिश फिर हो जाती है, तो स्थिति और भी विकट हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी की यह हरियाणा में पहली रैली है और वे बीजेपी के 23 प्रत्याशियों के लिए लोगों से वोट देने की अपील करेंगे। इसको लेकर कुरूक्षेत्र में जगह-जगह बोर्ड और होर्डिंग लगाने का काम जोर-शोर से चल रहा है। कार्यकर्ता भी परेशान हैं कि ऐसे में रैली में भीड़ कैसे जुट पाएगी।

# राष्ट्र को एक सूत्र में जोड़ती है हिन्दी भाषा

रमेश सर्राफ धमोरा

**हिन्दी दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिये की हम पूरे मनोयोग से हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना निस्वार्थ सहयोग प्रदान कर हिन्दी भाषा के बल पर भारत को फिर से विश्व गुरु बनवाने का सकारात्मक प्रयास करेंगें। अब तो कम्प्यूटर पर भी हिन्दी भाषा में सब काम होने लगे हैं। कम्प्यूटर पर हिन्दी भाषा के अनेको सॉफ्टवेयर मौजूद हैं जिनकी सहायता से हम आसानी से कार्य कर सकते हैं।**

किसी भी देश की भाषा और संस्कृति उस देश में लोगों को लोगों से जोड़े रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हिन्दी और देवनागरी के मानकीकरण की दिशा में अनेक क्षेत्रों में प्रयास हुये हैं। हिन्दी भारत की सम्पर्क भाषा भी हैं। अतः हम कह सकते है की हिन्दी एक समृद्ध भाषा हैं। भारत की राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में हिन्दी भाषा का बहुत बड़ा योगदान हैं।

एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बंगाली और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था।

भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा है जो हिंदी भाषा के महत्व को दशार्ता है। पिछले 71 सालों से हम प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मनायेगें।

यदि हम हिंदी भाषा के विकास की बात करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले सौ सालों में हिंदी का बहुत विकास हुआ है और दिन-प्रतिदिन इसमें और तेजी आ रही है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है। संस्कृत भारत की सबसे प्राचीन भाषा है जिसे देवभाषा भी कहा जाता है। माना जाता है कि हिंदी का जन्म भी संस्कृत भाषा से हुआ है। भारत में धर्म, परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। इसीलिए हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है।

अंग्रेजी व चीनी भाषा मंदारिन के बाद हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। नेपाल, पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी को हिंदी बोलना, लिखना, पढना आता है। बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद

जैसे देश की सरकारे तो हिंदी भाषियों द्वारा ही चलायी जा रही हैं। पूरी दुनिया में हिंदी भाषियों की संख्या करीबन एक सौ करोड़ से अधिक है।

हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं। जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है। हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है।

हिन्दी विश्व की एक प्राचीन,समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है। भारत की मातृ भाषा हिन्दी को सम्मान देने के लिये प्रति वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है। लेकिन हिन्दी भाषा समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है। यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है।

बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है। विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुदृढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है। आदिकाल से अब तक हिन्दी के आचार्यों, सन्तों, कवियों, विद्वानों, लेखकों एवं हिन्दी-प्रेमियों ने अपने ग्रन्थों, रचनाओं से हिन्दी को समृध्द किया है। परन्तु हमारा भी कर्तव्य है कि हम अपने विचारों, भावों एवं मतों को विविध विधाओं के माध्यम से हिन्दी में अभिव्यक्त करें एवं इसकी समृध्दि में अपना योगदान दें। कोई भी भाषा तब और भी समृध्द मानी जाती है जब उसका साहित्य भी समृध्द हो।

हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है।

देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के एक साथ विकास के कारण हिन्दी ने कहीं ना कहीं अपना महत्ता खो दी है। आज हिन्दी भाषा में अंग्रेजी शब्दों का प्रचलन तेजी से बढ़ने लगा है। बहुत से बड़े समाचार पत्रों में भी अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी का उपयोग किया जाने लगा है। जो हिन्दी भाषा के लिये शुभ संकेत नहीं हैं। रही सही कसर सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है। जहां सॉफ्टवेयर की मदद से रूपांतर कर अंग्रेजी से हिन्दी भाषा बनायी जाती है। जिसमें ना मात्रा का ख्याल रहता है और ना ही शुद्ध वर्तनी का। वर्तमान समय में हिन्दी भाषा के समाचार पत्र व पत्रिकायें धड़ाधड़ बंद हो रहें हैं। हिन्दी दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिये की हम पूरे मनोयोग से हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना निस्वार्थ सहयोग प्रदान कर हिन्दी भाषा के बल पर भारत को फिर से विश्व गुरु बनवाने का सकारात्मक प्रयास करेंगें। अब तो कम्प्यूटर पर भी हिन्दी भाषा में सब काम होने लगे हैं। कम्प्यूटर पर हिन्दी भाषा के अनेको सॉफ्टवेयर मौजूद हैं जिनकी सहायता से हम आसानी से कार्य कर सकते हैं। (लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## संपादकीय

### बयान पर विवाद

राहुल गांधी ने कहा कि पिछले दस वर्षों से भारत में लोकतंत्र को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया गया। वह आजकल अमेरिका की यात्रा पर हैं। वहां नेशनल प्रेस क्लब में पत्रकारों से उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमारी सरकार छीन ली गई। हमारे विधायक खरीद लिए गए, उन्हें फंसा दिया गया। वह विदेशी मंच से लगातार मोदी सरकार, भाजपा और आरएसएस पर हमले कर रहे हैं जिससे ये सब तिलमिला गए हैं। आरक्षण संबंधी उनके बयान पर भी राजनीतिक भूचाल मचा हुआ है। भाजपा ने सवाल उठाया कि वह कैसे विपक्ष के नेता हैं, जो विदेश में जाकर देश को बदनाम करते हैं। राहुल ने सिखों के लिए कहा था कि वे जिस लड़ाई में हैं, उसमें सिखों को भारत में पगड़ी और कड़ा पहनने की इजाजत देने की मांग भी शामिल है। इस पर सिखों ने उनके दिल्ली निवास पर भारी प्रदर्शन किया। गांधी ने आरएसएस के विचारों में तमिल, मराठी, बंगाली और मणिपुरी जैसी भाषाओं को कमतर बताया तथा कहा कि हर राज्य का अपना इतिहास और परंपरा होती है। आरएसएस पर इनकी उपेक्षा का आरोप लगाया। आरोप गलत नहीं हैं कि राहुल गांधी की विदेश यात्राएं पिछले कुछ वर्षों से लगातार विवादों में रही हैं। कंबोड़िया से लेकर दक्षिण कोरियाङ्क ब्रिटेन, इटली तक की यात्राओं के दौरान उन्होंने ऐसे बयान दिए जिनसे देश में खासा विवाद पैदा हुआ। कहना गलत नहीं होगा कि यह उनकी रणनीति का हिस्सा हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद वह पहली बार विदेश यात्रा पर हैं। आम चुनाव में भाजपा की सीटें कम होने और विपक्षी दलों को पिछले चुनाव की बनिस्बत अधिक सीटें प्राप्त होने से भी राहुल का उत्साह बढ़ा है। वह लगातार जनता को प्रभावित करने और सरकार के कामकाज पर कड़ी टिप्पणी करके अपनी स्थिति मजबूत करते नजर आना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में चुनाव से भी इसे जोड़.कर देखे जाने की जरूरत है। बात चुनावी रणनीति की हो या जनता को प्रभावित करने के पैंतरे अपनाने की, राहुल को देश की गरिमा और प्रतिष्ठा का ख्याल रखना सीखना होगा। व्यक्ति विशेष, राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और सत्ता दल की आलोचना करना उनका उत्तरदायित्व है। आलोचनात्मक रवैये और प्रतिरोध के लिए संसदीय मार्ग हमेशा उनके पास है। समय और स्थान का सम्मान करते हुए बयान देने के प्रयास भी राहुल गांधी को करने होंगे।

## स्मृति शेष : वामपंथियों के अटल बिहारी जैसे थे येचुरी



राकेश अचल



जाना सभी को है ,लेकिन जिस दौर में कामरेड सीताराम येचुरी गए हैं वो सबसे कठिन दौर है और इस दौर में कामरेड सीताराम येचुरी की बहुत जरूरत थी। सीताराम येचुरी का जाना फिलाहल एक बड़ा शून्य पैदा कर गया है ,जिसे भरने में कुछ वक्त तो लगेगा ही।

मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में से एक थे सीताराम येचुरी । सीताराम से पहली राम-राम कब हुई मुझे याद नहीं ,लेकिन वे जब भी ग्वालियर आये ऐसे मिले जैसे बरसों स बिछुड़े हुए हों। सहज,सरल ,सौम्य सीतारम येचुरी से मिलना सुखानुभूति से भर देता था। वे भयंकर अध्येता थे और भाषण देते -देते उनके भीतर का आक्रोश कब उनकी मोटी नाक पर झलकने लगता था उनकी उत्तेजना में भी सौम्यता टपकती थी।

कोई माने या न माने लेकिन मुझे वे वामपंथियों के अटल बिहारी बाजपेयी लगते थे। उनकी सभी दलों के नेताओं से दोस्ती थी,जिनसे दोस्ती नहीं थी उनसे भी उनका संवाद था ,लेकिन वे अपनी विचारधारा पर हिमालय की तरह डटे रहने वाले कम्युनिष्ट थे। मै तमाम कम्युनिष्ट नेताओं से मिला हूँ। पुरानी पीढ़ी के कामरेड वी टी रणदिवे और कामरेड हरिकिशन सिंह सुरजीत से भी मै मिला हूँ। उनके साथ लम्बी गपशप की है ,लेकिन सीताराम येचुरी इस कड़ी में सबसे अलग कामरेड थे। कोई आधी सदी तक उन्होंने अपनी पार्टी के माध्यम से देश की सेवा की ,और जमकर की।

मुझे याद आता है इमरजेंसी का वो दौर जब सीताराम येचुरी माकपा के मंच पर एक युवा नेता के रूप में उभरे थे । आपाताकाल में वे जेल गए और उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के सामने निंदा पत्र पढ़ा था। अब न इंदिरा गांधी जैसा कोई प्रधानमंत्री हो सकता है और न सीता जैसा कोई युवा नेता। कम्युनिस्ट रहने के बावजूद सीताराम येचुरी सिद्धांतवादी रहे लेकिन उन्होंने कभी भी हठधर्मी नहीं नहीं दिखाई।

उन्होंने 2015 से पार्टी की अगुवाई कर रहे थे । मुझे याद आता है कि सीताराम 1992 से पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य थे. कम्युनिस्ट होते हुए भी वो एक मध्यमार्गी नेता की तरह थे जिन्हें थोड़ा उदारवादी और बीच का रास्ता अपनाने वाला माना जाता था।

सीताराम ने अपनी पार्टी का नेतृव उस समय सम्हाला था जब पूरे देश में माकपा का सूरज ढल रहा था,लेकिन वे निराश नहीं थे । मै जब भी उनसे मिला वे कहते थे कि सिर्फ पार्टी के सामने ही नहीं बल्कि देश के सामने भी बड़ी चुनौतियां हैं. हाल के दिनों में जो हमारी हार हुई है उसके सुधारने के लिए हमें जनाधार सुधारने की जरूरत है। जब वे पहली बार पार्टी के मुखिया बने तब उन्होंने कहा था कि हमें पार्टी को स्वतंत्र रूप से और मजबूत करना होगा यहीं हमारी प्राथमिकता होगी. हमें इसके आधार पर जनआंदोलन छेड़ते हुए जनता के साथ जुड़ाव को और मजबूत करना है। सीताराम येचुरी राजनीति में गठबंधन के धर्म और उसकी जरूरत को समझते थे । वे अक्सर कहते थे कि देश के अलग-अलग प्रांतों में हालात समान नहीं हैं ना ही मुद्दे समान हैं। इसीलिए अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग गठबंधन की गुंजाइश है। उन्होंने इस दिशा में कोशिश भी की।

सीताराम येचुरी जमीन की हकीकत से वाकिफ थे,उन्हें अपनी पार्टी की ताकत का भी अहसास था। उन्होंने कहा था की 2024 के चुनावों में हमारा पहला लक्ष्य है कि आरएसएस और भाजपा की सत्ता को हटाना है हम समझते हैं देश की जनता और एकता और अखंडता के लिए ये अनिवार्य है। यही बात इन्होने 2019 के आम चुनावों से पहले भी दोहराई थी ,लेकिन इत्तफाक देखिये कि दोनों ही आम चुनावों में उनका सपना पूरा नहीं हो पाया ,लेकिन वे विपक्ष की मजबूती से खुश भी थे और उत्साहित भी थे।

मुझसे उम्र में कोई सात साल बड़े कामरेड सीताराम एचडी से मेरी मुलाकात एक पत्रकार के रूप में दर्जनों बार हुई। वे जब भी ग्वालियर आते थे ,तब शायद ही कोई ऐसा अवसर रहा हो जब मै उनसे न मिला हूँ। माकपा के हमारे पुराने साथी कामरेड शैलेन्द्र शैली और बदल सरोज ने उन्हें न जाने कितनी बार ग्वालियर बुलाया । वे हर संघर्ष में ग्वालियर के साथ रहे। जैसा कि मैंने कहा कि सीताराम येचुरी से मिलना अपने किसी सखा से मिलने जैसा था । वे बातचीत में कभी ये महसूस ही नहीं होने देते की वे एक बड़े नेता है। उनका पहनावा ,उनका खानपान एक दम सहज ३ँ। अक्सर ऐसा लगता की सीताराम येचुरी बोलते रहें और हम सुनते रहे। उनकी हिंदी का उच्चारण बड़ा मीठा था । हिंदी उनकी मातृभाषा नहीं थी ,लेकिन उन्होंने हिंदी को कभी अपने सम्पर्कों में अवरोध नहीं बनने दिया। वे देश के राजनितिक मंचों पर सभी के साथ खड़े नजर आते थे। विपक्षी एकता के लिए उनकी कोशिशें अविस्मरणीय मानी जायेंगीं। इस कोशिश में यदाकदा उन्हें अपनी पार्टी में असहमतियों का समाना करना पड़ा होगा लेकिन वे रुके नहीं। थके नहीं।

दिल्ली में दो सीतारमण को जानता था । दोनों ही जेएनयू के थ। एक सीतराम बिहारी थे और एक तमिलनाडु के। कामरेड सीताराम येचुरी जल्दी चले गये । अभी उनके जाने की उम्र नहीं थी ,लेकिन उन्हें जाना था। वे अपने साथ यश,कीर्ति के अलावा कुछ नहीं ले गये । अपनी देह भी नहीं। उनकी इच्छा के अनुसार इनकी पार्थिव देह भी एम्स के छात्रों के शोध अध्ययन के लिए समर्पित कर दी गयी। वैसे भी उनके पास अपना कुछ था भी नहीं। उनका छोटा और सुखी परिवार जरूर था। लेकिन कोरोना ने उनके इस सुख को छीन लिया था। कोरोना से सीताराम येचुरी के बड़े बेटे आशीष का निधन हो गया था , वह महज 35 साल के थे। दीगर नेताओं की तरह उनका परिवार कभी उनके आगे -पीछे नजर नहीं आता था। सब अपने-अपने काम में व्यस्त रहते थे।

कामरेड सीताराम येचुरी केवल एक राजनेता ही नहीं थे बल्कि वह अर्थशास्त्री, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार और लेखक भी थे । वह विभिन्न अखबारों को लगातार कॉलम लिखते रहे। राजनीति में भी उनकी राय को अहम माना माना जाता है। उन्होंने कई किताबें लिखी है, इसमें ह्यवह हिन्दू राष्ट्र क्या हैह्न, घृणा की राजनीतिह्न, ह्न21वीं सदी का समाजवादह्न जैसी किताबें अहम मानी जा रही है। मेरी स्मृतियों में वे लमबे समय तक रहने वाले है।

### चिंतन-मनन

## जहाँ शांति है वही सुख

यदि हमारे पास दुनिया का पूरा वैभव और सुख-साधन उपलब्ध है परंतु शांति नहीं है तो हम भी आम आदमी की तरह ही हैं। संसार में मनुष्यों द्वारा जितने भी कार्य अथवा उद्यम किए जा रहे हैं सबका एक ही उद्देश्य है शांति। सबसे पहले तो हमें ये जान लेना चाहिए कि शांति क्या है? शांति का केवल अर्थ यह नहीं कि केवल मुख से चुप रहें अपितु मन का चुप रहना ही सच्ची सुख-शांति का आधार है। कहते हैं कि जहाँ शांति है वहाँ सुख है। अर्थात सुख का शांति से गहरा नाता है। लड़ाई, दुख और लालच को भंग करने के लिए शांति सशक्त औजार है। कई लोग कहते हैं कि बिना इसके शांति नहीं हो सकती। इसके साथ ही भौतिक सुख-साधनों तथा अन्य संसाधनों से शांति होगी यह कहना भी गलत है। यदि इससे ही शांति हो जाती तो हम मंदिर आदि के चक्कर नहीं लगाते। धन-दौलत और संपदा से संसाधन खरीदे जा सकते हैं परंतु शांति नहीं। हम यही सोचते रह जाते हैं कि यह कर लूँगा तो शांति मिल जाएगी। आवश्यकताओं को पूरा करते-करते पूरा समय निकल जाता है और न तो शांति मिलती है और न ही खुशी। खुशहाल पारिवारिक जीवन के लिए जरूरी है कि पहले शांति रहे। जहाँ शांति है वहाँ विकास है। जहाँ विकास है वहाँ सुख है। इसलिए अमूल्य शांति के लिए सबसे पहले हमें अपने आप को देखना होगा। अपने बारे में जानना होगा। मैं कौन हूं, कहाँ से आया हूं और हमारे अंदर कौन-कौन सी शक्तियाँ हैं जो हम अपने अंदर ही प्राप्त कर सकते हैं। शांति का सागर परमात्मा है। हम आत्माएँ परमात्मा की संतान हैं। जब हमारे अंदर शांति आएगी तो हमारा विकास होगा। जब विकास होगा तो वहाँ सुख का साम्राज्य होगा। यह प्रक्रिया बिल्कुल सरल और सहज है जिसके जरिए हम यह जान और पहचान सकते हैं। वर्तमान समय अशांति और दुख के भयानक दौर से गुजर रहा है। ऐसे में जरूरत है कि हम अपने धर्म और शाश्वत सत्य को स्वीकारते हुए शांति के सागर परमात्मा से अपने तार जोड़ें। ताकि हमारे भीतर शांति का खजाना मिले। इससे हमारे अंदर शांति तो आएगी ही साथ ही हम दूसरों को भी शांति प्रदान कर सकेंगे।

## मुद्दा : दिल-ए-नादां तुझे हुआ क्या है



रजनीश कपूर

दिल-ए-नादां तुझे हुआ क्या है, आखिर इस दर्द की दवा क्या है। मशहूर शायर मिर्जा गालिब की यह गजल काव्यात्मक और रूपकात्मक रूप से जीवन के शाश्वत और मौलिक प्रश्न पूछती है। गालिब की यह प्रसिद्ध गजल वास्तविकताओं को काव्यात्मक रूप से व्यक्त करने की कुशलता का बेहतरीन उदाहरण है। परंतु आज हम जिस विषय को उठा रहे हैं, वह इससे भी ज्यादा गंभीर है। ऱदय रोग से संबंधित बीमारियों और उनसे होने वाली जवान मौतों के बढ़ते आंकड़े हम सभी के मन में कुछ अहम सवाल पैदा कर रहे हैं। कुछ लोग इसे कोविड के लंबे असर से भी जोड़ रहे हैं परंतु अन्य कारण भी हैं, जो अल्पायु में ऱदय रोग को बढ़ावा दे रहे हैं।

ज्यादातर देखा गया है कि दिल का दौरा या हार्ट अटैक 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों आता है। दिल का दौरा पड़ने के और कारणों में प्रमुख हैं मधुमेह या शुगर के मरीज और ब्लड प्रेशर के मरीज। इन मरीजों में हार्ट अटैक की संभावना काफी अधिक होती है। धूम्रपान करने वाले भी कब दिल के मरीज बन जाते हैं, पता नहीं चलता। धूम्रपान करने से दिल का दौरा पड़ने की संभावना तीन गुना बढ़ जाती है। जो व्यक्ति तनाव की जिंदगी जीते हैं, नियमित व्यायाम नहीं करते, बेवजह और हर समय जंक फूड का सेवन करते हैं, वे भी इस जानलेवा बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। क्या कभी सुना है किसी हट्टे-कट्टे व्यक्ति को अचानक दिल का दौरा पड़ा और मौत हो गई? पिछले कुछ वर्षों से ऐसी तमाम खबरें सामने आ रही हैं, जहां व्यक्ति अपने रोजमर्रा के काम या आराम के समय अचानक बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। मृत्यु का कारण दिल का दौरा। कुछ लोग इसे कोरोना के वायरस का साइड इफेक्ट बता रहे हैं।

एक शोध के अनुसार अमेरिका में कोविड से ठीक हुए व्यक्तियों में 20 तरह के हृदय रोग के लक्षण पाए गए। इनमें उन लोगों के मुकाबले, जिन्हें कोविड नहीं हुआ, हृदय गति रुक जाने या हार्ट फेल होने की संभावना 72 फीसद अधिक पाई गई। औरों के मुकाबले स्ट्रोक आने की संभावना भी 17 फीसद अधिक पाई गई। इमरजेंसी मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (ईएमआरआई) की एक रिपोर्ट सामने आई है जिसके नतीजे कहते हैं, हार्ट अटैक वाले ज्यादातर लोगों की उम्र 50 साल से कम है। यदि आप सोच रहे हैं कि इस सबके पीछे आपकी जीवन शैली है तो ऐसा सही है। परंतु आपकी जीवन शैली में ऐसी कौन सी कमी है जो हार्ट अटैक का कारण बन रही है? आपको जानकर हैरानी होगी कि इसका दोषी पॉम ऑयल है। पॉम ऑयल मदिरापान और धूम्रपान से कहीं अधिक खतरनाक है।

सोशल मीडिया में मुंबई के जगजीवन राम अस्पताल के डॉक्टर पी के समांतराय का एक संदेश काफी चर्चा में है। वे कहते हैं, 'दुनिया में भारत पॉम ऑयल का सबसे बड़ा आयातक है। हमारे देश में पॉम ऑयल माफिया बहुत ताकतवर है। इनके कारण हमारे बच्चे, जो देश का भविष्य हैं, एक बड़े खतरे में जी रहे हैं। आज हमारे देश में पॉम ऑयल के बिना कोई फास्ट फूड नहीं मिलता। आप किराने की दुकान पर जाते हैं, और पॉम ऑयल के बिना बच्चों के लिए कोई खाद्य पदार्थ लेने का प्रयास करें तो आप सफल नहीं होंगे। देश में ज्यादातर बिस्किट और चॉकलेट भी बिना पॉम ऑयल के नहीं बनते।'

ड़ॉ. समांतराय आगे कहते हैं, 'हमें विज्ञापनों द्वारा विश्वास दिलाया जाता है कि ऐसे खाद्य पदार्थ स्वस्थ हैं। लेकिन हम जानलेवा पॉम ऑयल या पामिटिक एसिड के बारे में कभी नहीं जानते थे। 'लेज' जैसी बड़ी कंपनियां पश्चिमी देशों में अलग तेल बेचती हैं, और भारत में पॉम ऑयल का इस्तेमाल सिर्फ इसलिए करती हैं कि यह सस्ता है। जब भी हमारा बच्चा पॉम ऑयल युक्त उत्पाद खाता है, तो मस्तिष्क अनुचित व्यवहार करता है और हृदय के आसपास और हृदय में वसा सावित करने का संकेत देता है जिससे बहुत कम उम्र में मधुमेह हो जाता है। वर्ल्ड.इकोनॉमिक फोरम ने अनुमान लगाया है कि कम उम्र में मरने वाले 50 प्रतिशत लोग मधुमेह और हृदय रोग से मरेंगे। पॉम ऑयल माफिया ने हमारे बच्चों को दिल की सुरक्षा करने वाले फल-सब्जियों को छोड़कर जंक फूड का आदी बना दिया है। अगली बार जब आप अपने बच्चे के लिए कुछ खरीदें, तो उत्पाद का लेबल देखें।' जिस खाद्य पदार्थ में पॉम आयल हो उसे कभी न लें।

समय-समय पर होने वाले शोध बताते हैं कि रेडी-टू-ईट और पैकेज्ड फूड्स में अक्सर पॉम ऑयल होता है जो हमारे सेहत को कई नुकसान पहुंचा सकता है। पॉम ऑयल में सैचुरेटेड फैट काफी मात्रा में पाई जाती है। यह बॉडी में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ाता है। इसके कारण दिल की बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। 2022 में भारत में पॉम ऑयल की खपत आठ मिलियन मीट्रिक टन से अधिक हुई थी। यदि हमें हृदय को स्वस्थ रखना है तो अपनी जीवन शैली में उचित सुधार लेन होंगे और अपने बच्चों को भी स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा वरना भारत में हृदय रोग के आंकड़े बढ़ते ही रहेंगे।

# ग्रामीण जन सेवा समिति ने किया अवार्ड पुरुष विपुल जैन को सम्मानित

संस्कार उजाला

बागपत। जन सेवा समिति किशनपुर बराल द्वारा किशनपुर बराल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर वेणु नेत्र संस्थान शेख सराय दिल्ली की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ तनुजा जोशी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार व अवार्ड पुरुष विपुल जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। सारथी वेलफेयर फाउंडेशन की चेयरपर्सन वंदना गुप्ता ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में

अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ग्रामीण जन सेवा समिति किशनपुर बराल के अध्यक्ष बाबूराम, कुलदीप व राजीव तोमर ने विपुल जैन द्वारा देश व समाज के लिए किये जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उन्हें अपनी संस्था की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में वेणु नेत्र अस्पताल नई दिल्ली, डाक्टर नरेंद्र कुमार मूर्ति हॉस्पिटल बडौत, लाखड़ा चेरिटेबल फाउंडेशन आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस मौके पर डाक्टर प्रणव शर्मा, अंकेश तोमर, शैंकी जैन, अश्वनी जे सिंह, प्रदीप कुमार, कुलदीप चौधरी, मुकुल चौधरी, नरेंद्र प्रधान, कृष्णपाल तोमर बावली, योगी अमित कुमार, प्रदीप कुमार लाखडा फाउंडेशन, अनिल माजरा, नरेन्द्र तोमर प्रधान, अंकेश तोमर, कृष्णपाल एसआई, अनिल कुमार, डाक्टर कुलदीप कुमार, सहदेव मलिक, सुधीर कुमार, अनिल शर्मा बिजली वाले, सुरेश पाल तोमर, सुरेश पाल सिंह, सचिन, डाक्टर संजीव, सत्यवीर साद, विनीत तोमर, कृष्णपाल माजरा, सेवाराम, मास्टर हरबीर सिंह आदि उपस्थित थे।

## सिंभावली सहकारी गन्ना विकास समिति में गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेले का हुआ शुभारंभ

संस्कार उजाला
जिला प्रभारी अमित शर्मा

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली सहकारी गन्ना समिति के परिसर में क्षेत्रीय किसानों की समस्या का समाधान करने को लेकर सात दिवसीय गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारंभ किया गया। जोकि 13 सितम्बर से 20 सितम्बर चलाया जाएगा।मेले में प्रथम दिन 42 गन्ना कृषकों की शिकायत का निस्तारण किया गया है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार यादव ने बताया कि उपज बढोतरी की रसीद कटवाने एवं नये सदस्य बनने हेतु विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर है। सभी कृषको को अपना घोषणा-पत्र भरना अनिवार्य है। शुक्रवार को समिति स्तरीय सट्टे मेले में प्रथम दिन 42 गन्ना कृषकों की शिकायतों का मौके पर ही गन्ना पर्यवेक्षकों द्वारा निस्तारण किया गया। सभी कृषक अपने प्राथमिक कलैण्डर में दी गयी सूचनाओं आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, कृषि भूमि आदि अवलोकन कर लें। तथा किसी भी त्रुटि की दशा में समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेले में आकर, अपने ग्राम से सम्बन्धित सर्किल के राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक को लिखित प्रार्थना-पत्र उपलब्ध कराकर अपने सट्टे में संशोधन करा सकते हैं। समिति सचिव राकेश पटेल ने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र में एस०एम०एस० पर्ची द्वारा ही गन्ना तौल का कार्य किया जायेगा। इस लिए सभी कृषक पर्ची निर्गमन हेतु अपना मोबाईल नम्बर भी ठीक करा लें।जिससे पेराई सत्र शुरू होने के उपरान्त किसी कृषक को समस्या का सामना न करना पड़े।इस मौके पर गन्ना विकास निरीक्षक संजय कुमार शर्मा एवं सिम्भावली चीनी मिल प्रतिनिधि राजीव कुमार तथा शशि भूषण यादव सहित समस्त राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### इंस्टिट्यूट ऑफ एजूकेशन एंड मैनेजमेंट के प्रांगण में छात्र-छात्राओं में किया पौधारोपण

संस्कार उजाला
रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

हापुड़/बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाहपुर जट में स्थित इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के प्रांगण में छात्र छात्राओं के द्वारा पर्यावरण अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। बता दें कि एटीट्यूड ऑफ एजुकेशन मैनेजमेंट में शाहपुर जट फतेहपुर कुचेसर रोड चौपला के छात्र-छात्राओं द्वारा आगामी संचालित बी.ए एलएलबी एलएलबी के प्रांगण में पौधारोपण किया गया।जिसमें कॉलेज के निदेशक संदीप शर्मा, चेयरमैन कुलदीप शर्मा कॉलेज के संस्थापक एवं संरक्षक श्याम सुंदर शर्मा ,बीएड के प्रवक्ता अमरदेव वर्मा, प्रवीण कुमार ,ओम सौरभ छात्र-छात्राएं जिसमें हर्षित मनु उनसा दीपांशी अमित संजय खुशबू मानसी नीति सपना दीपांशु लकी रूपांशी अनम सैफी सानियाआदि द्वारा सेमल नीम नींबू आम इमली साल सागौन शीशम अमरुद कचनार आदि पौधे बीए एलएलबी 5 वर्षीय एलएलबी 3 वर्षीय के प्रांगण में पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर बीएड प्रवक्ता अमरदेव वर्मा ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि आप सभी लोग अपने घर पर एक वृक्ष मां के नाम पर लगाने का कार्य आज से ही शुरू करें। क्योंकि वृक्ष धरा का श्रृंगार है हमारे का आधार होने के साथ एक गहने के समान है। इसके बिना जीवन अस्वस्थ हो जाएगा चूंकि हमें वृक्षों से ही ऑक्सीजन स्वच्छ हवा खाद्य पदार्थ मूल्यवान लकड़ी प्राप्त होती हैं। इसलिए सबको अपने जीवन में एक-एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। वृक्ष नहीं तो जीवन नहीं। जीने के लिए पृथ्वी पर वृक्षों का होना अति आवश्यक है।

## जिले में बैंकों एवं एटीएम बूथों की सुरक्षा में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह

संस्कार उजाला

हापुड़/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के कुशल निर्देश पर जनपद के सभी थाना प्रभारी के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित बैंकों एवं एटीएम बूथो पर गहनता से चेकिंग की गई। और बैंकों एवं एटीएम बूथों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे सायरन, अग्निशमन यंत्रों, की जांच की गई। बता दे कि एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा हापुड़ पुलिस को सख्त निर्देशित किया गया है कि जनपद में संचालित बैंकों एवं एटीएम बूथों की सुरक्षा में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिसको लेकर हापुड़ पुलिस के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में संचालित बैंकों एवं एटीएम बूथों के आसपास खड़े संदिग्ध लोगों की जांच की गई। और बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे, सायरन, अग्निशमन यंत्रों की गहनता से जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश।\

## राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में वृद्धों के लिए होम्योपैथिक चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजन किया गया

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली ब्लॉक के गांव सिखेडा मुरादाबाद में एन एच 24 पर स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में कैंप आयोजित कर वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों के स्वास्थ्य का चेकअप कर दवाई दी गई और योग शिविर से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें होम्योपैथिक चिकित्सा व योग शिविर में व्रद्ध महिला और पुरुषों ने बढ़चढ़ का हिस्सा लेकर लाभ उठाया। बता दे कि सिंभावली क्षेत्र के गाँव सिखेड़ा में आज 13 सितंबर को आयुष विभाग के तत्वावधान में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा. शैलेन्द्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में एव प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. शर्मिलिराज राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सिखेडा हापुड़ की ओर से सिखेडा में स्थित खेल मैदान में वृद्ध महिला और पुरुषों के लिए होम्योपैथिक चिकित्सा व योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 40 से अधिक वृद्ध महिलाओं और पुरुषों की बीपी, शुगर की जांच कर होम्योपैथिक चिकित्सा उपचार के साथ योगाभ्यास कराया गया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.शर्मिलिराज राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय ने जानकारी देते हुए बताया है कि वृद्ध महिला और पुरुषों के लिए होम्योपैथिक चिकित्सा व योग शिविर का आयोजन किया गया। ताकि ग्रामीण अंचल में होम्योपैथिक के इलाज का अधिक से अधिक लाभ लेना सम्भव हो सके। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक मनीष शर्मा, द्वारा योगाभ्यास कराया गया सुबोध कुमार नागर आरएसएम, मृत्युंजय कुमार द्विवेदी, योग सहायक जयवीर सिंह, विपिन कुमार, सचिन जतिन कुमार व अजय कुमार कुमार समेत मौजूद रहे।

## एडिशनल एसपी बैंक थाने का निरीक्षण कर संबंधित को दिए सख्त को दिशा निर्देश

संस्कार उजाला

एडिशनल एसपी विनीत भटनागर के द्वारा पिलखुवा थाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई, मेस रिकॉर्ड रूम,अर्दली रूम का निरीक्षण करने के साथ विवेचना की समीक्षा कर लंबित विवेचनाओं तथा प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के संबंध में संबंधित को दिशा निर्देश किया जारी।

## जनपदीय कानून/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग की गयी।

संस्कार उजाला

संवाददाता (मनोज पाठक विशेष इटावा) .जनपद की कानून व्यवस्था/ सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन में आज दिनांक 13.09.2024 को जनपद के समस्त थानाध्यक्ष/ थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया ।स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही के नाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सर से महिला मेडिकल ऑफिसर को हटकर उसके मूल अस्पताल मुदाफरा तैनाती कर दी गई। तो वहीं स्टाफ नर्स को बहादुरगढ़ में तैनाती देकर लीपा पोती करने की कार्यवाही की गई है। जिसको लेकर स्थानीय नागरिकों में रोज व्याप्त है।

## आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने हेतु उपजिलाधिकारी सदर इटावा एवं क्षेत्राधिकारी नगर इटावा द्वारा थाना कोतवाली पर जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों,मौलवियों, पुजारियों एवं धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई।

संस्कार उजाला

संवाददाता (मनोज पाठक विशेष इटावा)
आज दिनांक 13.09.20204 को उपजिलाधिकारी सदर श्री विक्रम राघव एवं क्षेत्राधिकारी नगर इटावा श्री अमित कुमार सिंह द्वारा आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए तथा जनपद की कानून व्यवस्था को प्रभावी एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना कोतवाली में जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों, मौलवियों, पुजारियों एवं धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें सभी को शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण तरीके से भाईचारे के साथ त्योहारों को मनाने की अपील करते हुए उपस्थित सभी से वार्तालाप कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। महोदय द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित अफवाहों पर ध्यान ना देनें तथा बिना पुष्टि किये किसी खबर को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अग्रसारित ना करने आदि हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये । इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल (एंटी रोमियो स्क्वायड) द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदलगस्त कर मनचलों / अराजक तत्वों के विरुद्ध चलाए गया चेकिंग अभियान।

संस्कार उजाला

संवाददाता (मनोज पाठक विशेष इटावा)
आज दिनांक 13.09.2024 को जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौराहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र-छात्राओं, युवक-युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया ।

## मुंडा नगला में बारिश की वजह से गिरा शैलेंद्र पुत्र सुनहरी का मकान

संस्कार उजाला
न्यूज अलीगढ़

अलीगढ़ दादों क्षेत्र के गांव मुंडा नगला में अधिक बारिश की वजह से भर भर कर मकान गिर गया गमीनत रही किसी के चोट ना पहुंची शैलेंद्र कुमार पुत्र सुनहरी किसान है मेहनत मजदूरी करके गुजर बसर करते हैं छोटे-छोटे बच्चे हैं मां है परिवार है लेकिन लगातार तीन दिन से बारिश बंद होने का नाम नहीं ले रही है लगातार और अधिक बारिश होने की वजह से शैलेंद्र का मकान गिर पड़ा शैलेंद्र ने बताया कि वह बहुत ही गरीब है और मेहनत मजदूरी करके अपना परिवार चलाता है तब कहीं परिवार की गुजर बसर कर पेट पालता है समाजसेवी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया शैलेंद्र बहुत ही गरीब है सीधे और सरल स्वभाव का व्यक्ति है अपने परिवार के साथ घर से बेघर हो गया एक ही मकान था वह भी बारिश की वजह से गिर गया बारिश की वजह से किसानों को भी काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है लोगों के धान मक्का बाजरा ज्वार आदि गिर पड़े हैं और बारिश के साथ तेज हवा से नुकसान भी पहुंचा है

## डीएम मैम कब्रिस्तान तक जाने वाले रास्ते को भी करा दो सही दफीना करने के लिए भारी परेशानी का करना पड़ रहा सामना

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव खागोई मे पिछले 4 वर्षों में ग्राम प्रधान के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की पोल खोलने के साथ कब्रिस्तान तक जाने वाला रास्ता गांव की नालियों के पानी से जल भराव के चलते अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। बता दें कि सिम्भावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव खागोई में कब्रिस्तान तक पहुंचने वाले रास्ते पर जल भराव को लेकर नाराज ग्रामीणों ने प्रधान के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा से रास्ते पर हो रहे जल भराव से निजात दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में किसी का भी अंतकाल होने पर उसके जनाजे को कब्रिस्तान तक ले जाना बहुत मुश्किल हो जाता है। क्योंकि रास्ते में गांव की नालियों से निकलने वाले पानी का जल भराव हमेशा भरा रहता है। जीत से निजात दिलाने को लेकर ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन प्रधान यह कह कर टाल देता है कि उनके खाते में सरकार से विकास कार्य कराने के लिए धनराशि स्वीकृत नहीं कराई जा रही है। साथ ही इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक से भी कई बार रास्ते को बनवाने के लिए शिकायत की गई है। लेकिन कोई भी सुनने के लिए तैयार नहीं है। जिसको लेकर रास्ते में जल भराव से त्रस्त ग्रामीणों ने डीएम मैम से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## झमाझम बारिश मे मजदूर के मकान की छत गिरने पर टला बड़ा हादसा परिवार के मुखिया सहित तीन घायल

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में तीन दिन से लगातार हो रही झमाझम बारिश के चलते कच्चे मकानों का गिरने का सिलसिला जारी है। 1 दिन पूर्व बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव लुहारी में मकान गिरने पर मजदूर की पत्नी बेटी बेटा घायल हो गए थे। वही बरसात से मकान गिरने की दूसरी घटना सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बीरमपुर से प्रकाश में आई है। जिसमें 13 सितंबर की सुबह लगभग 5:00 बजे मजदूर अपने परिवार के साथ मकान में सो रहा था। बरसात के चलते तभी अचानक भर भराकर उसके मकान की छत और दीवार गिर गई। गामिनत रही कि एक बड़ा हादसा टल गया। और मजदूर सरफराज आनंन फानन में बच्चों को लेकर बाहर निकल आया। लेकिन फिर भी मामूली चोटे आने के चलते दो बेटे और मजदूर सरफराज घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मजदूर और उसके बेटों का हाल-चाल जाना। और हर संभव मदद कराने का आश्वासन दिया है।

## जनपद में जिंदा गौवंश के साथ मृत गोवंशों की भी हो रही दुर्दशा डीएम आवास से चंद कदमों की दूरी पर मृत पड़े गोवंश को नगर पालिका उठाने की नहीं ले रही सुध

संस्कार उजाला
रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

हापुड़/योगी सरकार में लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर गोवंशों के रखरखाव के लिए बनाई गई गौशालाओं में जहां गौवंशों की दुर्दशा हो रही है। वहीं सड़कों एवं जंगलों में घूमने वाले आवारा गोवंशों की भी स्थिति दयानीय बनी हुई है। बता दे कि जनपद में जहां जिंदा घूमने वाले गोवंश अपनी दुर्दशा पर बदहाली के आंसू बहा रहे हैं। वहीं मौत होने के उपरांत भी गोवंशों की खुलेआम दुर्दशा हो रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा के आवास से चंद कदमों की दूरी पर मुरादपुर रोड पर स्थित सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल के पास एक मृत गोवंश पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृत पड़े गोवंश की सूचना नगर पालिका के अधिकारियों को दे दी गई है। लेकिन कोई भी इसको उठाकर दफन करने के लिए तैयार नहीं है।

## संक्षिप्त डायरी

### डीएम ने आगामी मौनी बाबा मेला लगने के पूर्व तैयारियों को दुरुस्त करने के लिए किया निर्देशित

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

**बांदा** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने आगामी 15 से 17 दिसम्बर, 2024 पर आयोजित होने वाले मौनी बाबा मेला के आयोजन के सम्बन्ध में शुक्रवार को मेला स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला स्थल का निरीक्षण करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत लाइन व तार ठीक करने के निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को सड़कों की मरम्मत कराये जाने तथा सिमौनी मेला स्थल से सुमेरपुर मार्ग के चैड़ीकरण की कार्यवाही कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने मेला स्थल में झाडियों की साफ-सफाई व परिसर की रंगाई पुताई का कार्य भी शुरू कराये जाने एवं हैण्डपम्पों को ठीक कराये जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारी को मेले में लगने वाले बैरिकेटिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने मेला स्थल पर समतलीयकरण का कार्य एवं अस्थायी लाइटों की व्यवस्था ग्राम पंचायत स्तर से कराये जाने के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान को निर्देशित किया। उन्होंने रामलीला स्थल का निरीक्षण करते हुए शौचालयों की सफाई तथा पर्यटन भवन की साफ-सफाई व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मेला के दौरान चिकित्सा कैम्प लगाये जाने तथा परिवहन व्यवस्था हेतु बसों का संचालन की व्यवस्था भी कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों को जो कार्य दिये गये हैं, उन्हें समय से शुरू करके मेला प्रारम्भ होने से पूर्व पूर्ण कर लें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी बबेरू, खण्ड विकास अधिकारी तिन्दवारी, ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

### बांदा के डी आर पब्लिक इंटर कॉलेज में मंडल स्तरीय अंडर 19 बालिका क्रिकेट ट्रायल का किया गया आयोजन

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

**जनपद** के विद्यालय डी आर पब्लिक इंटर कॉलेज बांदा में शुक्रवार 13 सितंबर 2024 को मंडल स्तरीय अंडर 19 बालिका क्रिकेट ट्रायल आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जीआरबी इंटर कॉलेज राठ एवं बांदा की महिला खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। सरदार बल्लभभाई पटेल स्टेडियम बांदा के क्रिकेट कोच शिवप्रताप, राममिलन (कोच डी आर क्रिकेट अकादमी) ने क्रिकेट खिलाड़ियों का परीक्षण किया। इस दौरान डी आर पब्लिक इंटर कॉलेज के चेयरमैन चंद्रमौली भारद्वाज, प्रधानाचार्य कुलदीप त्रिपाठी सहित आदर्श खरे क्रीड़ा प्रभारी, देवदत्त सिंह यादव सहायक अध्यापक, धर्मेंद्र सिंह यादव कोच, GRB इंटर कॉलेज राठ, एवं रमेश सिंह क्रीड़ा प्रशिक्षक, आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज बांदा, सुरेश कुमार क्रीडा प्रशिक्षक राजकीय इंटर कॉलेज बांदा, सहायक अध्यापक पीयूष द्विवेदी, अजहर अहमद डी आर पब्लिक इंटर कॉलेज बांदा उपस्थित रहे।

### रक्तदान कर पेश की मानवता की मिशाल

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

**बांदा** में सेवर्स ऑफ लाइफ के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना एवम ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय बांदा के पीआरओ प्रमोद द्विवेदी ने बताया की शेष नारायण जो कि बहुत ही सीरियस हालत में जिला अस्पताल में भर्ती हैं उनके पैर का ऑपरेशन होना है पैर पूरी तरह से गल चुका है को एक यूनिट ब्लड की अवश्यकता है परिवार में कोई नही जो रक्तदान कर सके जिसमे तत्काल ही डिमांड डाली गई और रक्तदाता क्षितिज शिवहरे से संपर्क किया। क्षितिज ने जैसे ही सुना वो फौरन ही जिला अस्पताल ब्लड बैंक पहुंचे और मरीज शेष नारायण के लिए रक्तदान किया। बताया गया कि इससे पहले भी वो काफी बार रक्तदान कर चुके है। रक्तदान में संस्था सेवर्स ऑफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान, सुनील सक्सेना, प्रमोद यादव मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने क्षितिज के उज्वल भविष्य की कामना की।

### जल स्तर बढ़ने से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर डीएम ने किया निर्देशित

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने शुक्रवार को यमुना नदी के बढते जल स्तर को दृष्टिगत रखते हुए तहसील बबेरू के अन्तर्गत सम्भावित बाढ की स्थित में आने वाले प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र के अमौसी घाट यमुना पुल पर जल प्रवाह की स्थिति का जायजा लेते हुए मौके पर उपस्थित उप जिलाधिकारी से यमुना नदी के जल स्तर बढने से सम्भावित प्रभावित होने वाले ग्रामों की जानकारी करते हुए बाढ की स्थिति उत्पन्न होने पर राजस्व कर्मियों की ड्यूटी लगाये जाने एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने क्षेत्राधिकारी पुलिस को पुल के पास पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि तहसील के अन्तर्गत बाढ़ प्रभावित सम्भावित स्थानों पर लोगों को जागरूक करते हुए जानकारी दी जाए कि अधिक जल स्तर बढने पर सुरक्षित स्थान/बाढ चैकियों पर जायें। उन्होंने बचाव हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें किये जाने एवं रात में भी बाढ से सम्बन्धित क्षेत्रों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए निगरानी रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी बबेरू, खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# आक्रोशित छात्रों ने महाविद्यालय का रुकवाया कार्यभार, सिक्षिका पर अभद्रता का लगाया आरोप

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

**बांदा** में शुक्रवार 13 सितंबर 2024 को पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के छात्राएं एवं छात्र नेताओं ने दोपहर के 12:00 बजे से पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय की प्रवेश सीट ना बढ़ाई जाने के विरोध में महाविद्याल के सभी विभागों का रुकुलपति जबतक सीट ना बढ़ाएगा, संपूर्ण कार्यभार रुक जायेगाꣳ छात्र एकता जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारे लगाते परिसर के सभी विभागों के कार्यभार बंद करवा दिया। इसके उपरांत समस्त छात्र-छात्राएं प्राचार्य कक्ष की ओर बढ़े जहा पर पहले से मौजूद कर्मचारी ने ताला डाल रखा था और छात्र छात्राओं को जानकारी दी की वो आज मौजूद नही हैं। छात्रों ने जो चार्ज में हो प्रिंसिपल उनसे मिलने को कहा तो अचानक से प्राचार्य कक्ष से बाहर आई एक शिक्षिका ने तानाशाही तरीके से कर्मचारी को ताला खोलने से मना कर दिया जबकि वही प्राचार्य कक्ष के पास प्रवेश फार्म भरने रखने का एक गोपनीय कक्ष भी है। ऐसे में सवाल उठता है की महिला शिक्षिका प्राचार्य कक्ष के पास उनकी ना मौजदगी में क्या कर रही थी और अगर वो थी भी तो आम छात्र छात्राओं के लिए ताला क्यों नही खोला गया। छात्रों ने आरोप लगाया और आशंका भी जताई की महाविद्यालय में चुपके चुपके धांधली चल रही है। उन्हे आशंका है कुछ शिक्षक दबाव बना के और प्राचार्य की नामौजूदगी में अपने एडमिशन कन्फर्म करवा ले रहे है और गरीब, किसान, मजदूर छात्र छात्राओं की हक की सीट को भ्रष्टाचार कर लूटने का काम कर रहे हैं। जिसका छात्र नेता लव सिन्हा, शैलेंद्र कुमार वर्मा, यश राज गुप्ता, बाबूराम निषाद, देवेश कुमार मोनू, भूपेंद्र यादव, दीपक गुप्ता, योगेंद्र पाल, सुरेंद्र मिश्रा पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष जैसे नेताओं ने कड़ी निन्दा की एवं महाविद्यालय पहुंच कर दुख एवं आक्रोश जताया छात्र नेता बाबू राम निषाद ने कहा अगर ताला बंद कर रखना है महाविद्यालय में तो शिक्षा ही देश में बंद कर दो। ये तो शिक्षा छीनने का काम है कोई सुनवाई ही नही गरीब बच्चो की जबकि देवेश मोनू ने कहा छात्र छात्राओं को जो दलित परिवार से आते है उन्हे शिक्षक जाती सूचक शब्द कह के भागा देते है की यह गरीब दलीतो को नही प्रवेश मिलेगा ये दलितों के साथ अन्याय है। वही मौजूद यश राज गुप्ता ने कहा कि हम लोग दो हफ्ते से लगातार आंदोलन कर रहे हैं पर कोई नही सुनता हमारी। कुलपति जी भी नही और राज्यपाल महोदया तक को ज्ञापन खून से भेज चुके कोई दर्द नही समझता गरीबों का। दूसरी तरफ छात्र नेता शैलेंद्र कुमार ने कहा महाविद्यालय के शिक्षक अब बच्चो के साथ गलत व्यवहार करते है और गुमराह कर रहे है ये सब प्राइवेट महाविद्यालय से मिले जुले है और यहां की सीट चाहते ही न बढ़े। महाविद्यालय के कार्यभार रुकवाने वालो में छात्र प्रिंस यादव, शिवा शुक्ला, जय सिंह, रचित गौसौमी, दिवयांशु द्रिवेदी, विक्की यादव, रुद्र यादव, आदर्श, शिवानी, प्रिया आदि छात्र रहे वही इनके साथ दुर्व्यवहार होने पे परिसर पहुंचे छात्र नेताओं में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के छात्र नेता लव सिन्हा, उत्तर प्रदेश स्टूडेंट यूनियन के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार वर्मा, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष राज गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी सदस्य बाबूराम निषाद, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा से देवेश कुमार मोनू, भूपेंद्र यादव, दीपक गुप्ता, योगेंद्र पाल, सचिन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## तीन अलग-अलग मामलों में 09 को न्यायालय द्वारा कराया गया दण्डित

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान आपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में प्रभावी विवेचना एवं पैरवी के माध्यम से शुक्रवार 13 सितंबर 2024 को तीन अलग-अलग मामलों में कुल 09 अभियुक्तों को दण्डित कराया गया जिनका विवरण निम्न है-

अभियोग-

1.थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 422/12 धारा 323/34 भादवि के 04 अभियुक्तों 1.जहूर, 2. सुबराती, 3. अल्ताफ पुत्रगण रहमत नोनिया मोहाल थाना कोतवाली नगर बांदा व 4. चुन्नू पुत्र असगर निवासी नोनिया मोहाल थाना कोतवाली नगर बांदा को 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास व 02-02 हजार रुपये के जुमार्ने से दण्डित कराया गया।

2.थाना जसपुरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 46/07 धारा 25 आर्म्स एक्ट के अभियुक्त राजभइया पुत्र झण्डू नि0 कस्बा व थाना जसपुरा जनपद बांदा को न्यायालय उठने तक की सजा व 5000/ रुपये के जुमार्ने से दण्डित कराया गया।

3.थाना नरैनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 47/07 धारा 323/504 भादवि के 04 अभियुक्तों 1.छुट्टा पुत्र नत्थू, 2. तैय्यक पुत्र मजहर, 3. शेरु पुत्र बाकर खां व 4.खुशनूर पुत्र मिश्रीलाल नि0 कबौली थाना नरैनी को कुल 4000/ रुपये के जुमार्ने से दण्डित कराया गया।

## नगर मजिस्ट्रेट ने हटवाया अतिक्रमण, दी चेतावनी

**संस्कार उजाला**

व्यापार संघ के पदाधिकारियों के साथ महेश्वरी देवी से छावनी चौराहा व बलखंडी नाका तक नगर मजिस्ट्रेट द्वारा अतिक्रमण हटवाया गया। पूर्व में भी यह अभियान नगर मजिस्ट्रेट द्वारा चलाया गया था। उसके बावजूद भी दुकानदारों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण कर लेने के कारण शुक्रवार को फिर से व्यापार संघ के पदाधिकारी को बुलाकर यह अभियान चलाया गया। नगर मजिस्ट्रेट एवं व्यापार संघ के पदाधिकारी द्वारा सभी दुकानों का भ्रमण करते हुए पाया गया कि अधिकांश दुकानदारों द्वारा अपनी सामग्री का प्रदर्शन सड़क की तरफ कर रखा था जिसको दुकानदारों द्वारा स्वयं हटाया गया एवं यह वादा भी किया गया कि भविष्य में इस प्रकार का अतिक्रमण नहीं करेंगे। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा यह भी चेतावनी दी गई है कि पुनः यदि अतिक्रमण पाया जाता है तो उनके विरुद्ध अर्थदंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में व्यापार संघ के पदाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, संजीव सेठ , महेश गुप्ता , संतोष गुप्ता, अनमोल जाडिया, दिलीप जैन, फरीद खान व अन्य लोक शामिल रहे। सभी पदाधिकारियों द्वारा भी अपने दुकानदार बंधुओ से अनुरोध किया गया है कि सड़क पर अतिक्रमण न किया जाए, अन्यथा व्यापार संगठन की तरफ से उनको सहयोग प्रदान नही किया जाएगा।

# महुआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत बहेरी की गौशाला में हमेशा लटकता है ताला

### गौशाला में नही रहता कोई केयरटेकर,जिम्मेदारों पर प्रशासन नही करता कोई कार्यवाही

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

**बांदा** की महुआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत बहेरी में बनी हुई अस्थाई गौशाला का निरीक्षण महुआ ब्लॉक के ब्लाक अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव द्वारा किया गया। यहां पर पहुंचने पर गौशाला के गेट पर ताला लटकता हुआ पाया गया और गौशाला के पीछे साइड जहां पर दलदल है उस पर सभी गौवंशों को एक जगह एकत्र करके कैद कर दिया गया है और जहां पर नीचे फर्श बनी हुई है वहां पर खाली पड़ा हुआ है। पुष्पेंद्र यादव द्वारा ग्राम पंचायत बहेरी के ग्राम प्रधान से जानकारी ली गई कि यहां पर ना तो कोई केयरटेकर है और ना यहां पर कोई खाने की व्यवस्था दिखाई दे रही है। उनका जवाब मिला कि वहां दिनभर कोई केयरटेकर नहीं रहता है और ना कोई इतना खाली है कि वहां दिन भर कोई बैठेगा। गौ रक्षा समिति का कहना है कि आखिर शासन द्वारा, जिला प्रशासन द्वारा यह आदेश भी है कि वहां पर केयरटेकर को रुकना अनिवार्य है लेकिन ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव की लापरवाही से इस गौशाला के अंदर कोई भी घटना हो सकती है इसका जिम्मेदार कौन होगा? ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली कि इस गौशाला में केवल एक ही केयरटेकर नियुक्त है बाकी यहां पर दूसरा कोई नहीं है और खाने के लिए नाम मात्र का भूसा डाला जाता है इनमें इन बेजुबान गौवंश का क्या दोष है। उत्तर प्रदेश सरकार हमेशा बराबर इन गौ वंश के प्रति सचेत रहती है सारी व्यवस्था करने का प्रयास कर रही है लेकिन जो ग्राम प्रधान और जो ग्राम सचिव हैं उनके द्वारा भूख और प्यास से और दलदल में रहकर गौवंश अपना दम तोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। इस तरह की घटनाएं बराबर चली आ रही हैं, अन्य गौशालाओं में भी देखने को मिलती हैं तो इसके जो जिम्मेदार अधिकारी हैं इन पर क्यों करवाई नहीं कर रहें है। आखिर इनका मनोबल क्यों बढ़ाया जा रहा है। जो भी दोषी हो उन पर कार्यवाही करें। विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के सभी पदाधिकारी लोगो ने मांग की है कि इस तरह के प्रकरण पर जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनका निराकरण किया जाय।

## मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक।

**संस्कार उजाला**

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा समस्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव पर विचार विमर्श हुआ, इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार मतदेय स्थल बनाने के लिए भवनों का चयन व सत्यापन अधिकतम मतदाताओं के आधार पर कराया जाना है, किसी मतदान केंद्र पर अगर दो बूथ बनाए गए हैं तो 1500 मतदाता प्रति मतदेय स्थल के आधार पर समायोजित करने का प्रयास किया जायेगा, अगर विशेष परिस्थिति में 300 से कम मतदाता वाले बूथो को अन्य बूथों के साथ समायोजन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा, शहरी क्षेत्रों में जहां नई आवासीय कालोनियां बनी हैं और उसमें मतदाताओं की संख्या है तो नया पोलिंग स्टेशन बनाया जा सकता है, अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थल को मतदान क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध स्थायी भवन में स्थानांतरित किया जा सकेगा, संभाजन यानी समायोजन प्रक्रिया के दौरान ऐसे मतदेय स्थलों को भी चिह्नित किया जाएगा जो गांव व बस्ती से दूरी पर हैं। पोलिंग स्टेशन की दूरी लगभग दो किलोमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए इसका भी विशेष ध्यान दिया जायेगा, सत्यापन के दौरान यदि कोई बूथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से बाहर मिलेंगे तो उसे बदला जाएगा, दिव्यांगजनों और अशक्त मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर रैंप की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी, राजनैतिक दल या लेबर यूनियन के कार्यालय से दो सौ मीटर के अंदर कोई मतदेय स्थल नहीं बनाए जा सकेंगे, यदि कोई मतदेय स्थल निजी भवन में स्थापित है और वहां शासकीय भवन उपलब्ध है तो स्थानांतरित किया जायेगा, दुकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, व्यक्तिगत सामुदायिक केंद्र, विवाह घर अथवा ऐसे भवन जिनका स्वामित्व किसी राजनीतिक व्यक्ति के पास है तो विकल्प की तलाश कर उसे स्थानांतरित किया जाएगा। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कहा कि ओबरा विधान सभा व राबर्ट्सगंज विधान सभा में मतदान का समय प्रातः 07.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक ही निर्धारित है, जिससे कि इन विधान सभा क्षेत्र के निवासियों को मतदान करने हेतु अन्य विधान सभा की अपेक्षा समय कम मिलता है, पूर्व में नक्सल प्रभावित होने के कारण उपरोक्त विधानसभा में समय का परिवर्तन किया गया था, अब नक्सल प्रभावित न होने के कारण समय में परिवर्तन होना आवश्यक है, जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग को पत्राचार किया जायेगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी( वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोहित यादव, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह तहसील राबर्ट्सगंज अमित कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, भारतीय कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी राजीव त्रिपाठी, भाजपा के जिला मंत्री सुनील सिंह, समाजवादी पार्टी के जिला प्रभारी अनिल प्रधान, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश गौतम, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द कुमार, बसपा के जिलाध्यक्ष बी0 सागर, भाजपा के सुरेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## तीसरे दिन भी जारी रहा सुखारि पुरवा के लोगों का अनशन, प्रशासन ने नही ली सुध

**आज भी सड़क से वंचित है सुखारी का पुरवा, अशोक लाट पर तीसरे दिन भी चला अनशन**

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

शुक्रवार 13 सितंबर 2024 को मजरा सुखारी का पुरवा अंश नौगवां नरैनी तहसील- जिला बांदा के लोगों द्वारा पक्की सड़क बनवाये जाने हेतु अशोक लाट के नीचे बांदा में क्रमिक अनशन तीसरे दिन भी जारी है। अनशनकारी लोगो का कहना है कि उक्त मजरे में जाने के लिये कच्ची सड़क है जहां बरसात के दिनों में ट्रैक्टर, साइकिल आदि मिट्टी में धस जाते हैं तथा गर्भवती महिलाओं, बच्चों को इलाज व पढ़ाई हेतु आने-जाने में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। पांचवी तक गांव में स्कूल है, लेकिन रास्ता न होने कारण अध्यापक बड़ी मशक्कत से विद्यालय पहुंच पाते है। पांचवी के बाद हमारे बच्चे पढ़ नहीं पा रहे है रास्ता नही तो कैसे गांव से बाहर जाए। पीड़ितों ने बताया कि हमारे बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे है। जबकि सरकार की मंशा है कि हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ा जायेगा, किन्तु जिले में बैठे अधिकारी मुख्यमंत्री योग आदित्यनाथ की योजनाओं को अनदेखा कर रहे है। बताया गया कि हम लोगों के द्वारा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से उक्त समस्या के निदान हेतु कई बार प्रार्थना की गयी है किन्तु आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है। आज देश की आजादी के 77 वर्ष पूर्ण होने के बावजूद भी आज मजरा-सुखारी पुरवा के लोग सड़क के लिये दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं और आज तीसरे दिन भी अनशनकारियों के पास कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचे। अनशन का प्रतिनिधित्व कर रही समाजसेविका शालिनी पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मनसा पर जिले के आला अधिकारी पानी फेरते नजर आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार सड़कों की बात करते हैं मगर आज जमीनी हकीकत देखी जाए। बताया गया कि सुखारी पुरवा जैसे कई ऐसे गांव व मजरा है जहां आजादी के बाद भी लोग सड़कों से वंचित है। इस दौरान अनशनकारियों में समाजसेवी शालिनी सिंह पटेल, लवलेश पटेल, पिंटू पटेल, प्रमोद पटेल लवकुस पटेल, अखिलेश कुमार, अर्जुन सिंह अजय कुमार, श्यामबहादुर, बाली तिवारी, योगेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## भारतीय किसान संगठन के नेतृत्व में ग्राम इकला में वेव सिटी बिल्डर से प्रभावित गांवों के किसानो की मीटिंग हुई।

**संस्कार उजाला**

**गाजियाबाद** 21 अगस्त को भारतीय किसान संगठन के नेतृत्व मे किसानो ने वेव सिटी बिल्डर के मुख्य द्वार को बन्द किया था, उसके उपरान्त जिला प्रशासन व गाजियाबाद प्राधिकरण द्वारा किसानो को 12/09/2024 को बिल्डर के साथ मीटिंग कर पूर्व में हुए किसानो एवम बिल्डर के समझौते को लागू कराने का आश्वासन दिया था। जिसके उपरान्त किसानो ने वेव सिटी के मुख्य द्वार को आमजन के लिए खोल दिया। लेकिन किसानो के साथ एक बार भी जिला प्रशासन ने वादाखिलाफी करी। कार्यक्रम के दौरान भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने कहा कि किसान इस बार आर पार की लड़ाई के मूड में हैं। 18 सितंबर को पुनः किसान वेव सिटी के घेराव करेंगे ओर जब तक समझोता लागू नहीं होता वही पर किसान धरणारत रहेगें। किसानो के साथ बार बार हो रहे छल से मीटिंग में सभी लोगो मे रोष था, सभी ने एक मत होकर आगामी तिथि को वेव सिटी के मुख्य द्वार व कार्यलय को बन्द करने की बात कही। तथा प्रण लिया की गांव गांव जाकर जन जागरण चलाएंगे।18 सितम्बर को भारी संख्या में किसान ट्रेक्टरो द्वारा वेव सिटी बिल्डर के मुख्य द्वार पर पहुंचेंगे। इस मौके पर आनन्द नागर, विजय मुखिया, धर्मे प्रधान दुरई, भोजी प्रधान इनायातपुर, मोहित, महेंद्र प्रधान इकला, सतीश त्यागी बयाना,लोकेश नागर जिला अध्यक्ष गाजियाबाद, राजेश यादव, कृष्णपाल,अनुज चौधरी, आदि लोग मौजूद रहे।

# अवैध व बिना ले-आउट पास कराये हुये अनियमित कालोनियों का होगा ध्वस्ती करण।

## अगस्त 2024 तक केवल दो कॉलोनियां विनियमित क्षेत्र में हैं संचालित।

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय।

नियत प्राधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट विनियमित क्षेत्र सीतापुर ने आम जन मानस को सूचित किया है कि शासन के निर्देश पर विनियमित क्षेत्र जनपद में अवैध प्लाटिंग व अनियोजित निर्माण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विनियमित क्षेत्र सीतापुर में अगस्त 2024 तक केवल दो कालोनियां क्रमशः श्री वृंदावन धाम कॉलोनी अहाता कप्तान नवीन चौक से लखनऊ रोड, तथा चंद्र सिटी आरटीओ ऑफिस से पहले बिसवां रोड खैराबाद वैध रूप से संचालित हैं। उनके बताने के अनुसार उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य सभी प्लाटिंग/कालोनी जो विभिन्न क्षेत्रो में बनाये जा रहे है,पूर्णतया अनियमित व अवैध हैं। इन सभी प्रभावित काश्तकारों से भी अपील है कि केवल अधिकृत व ले- आउट पास कराने वाले कालोनाइजर से ही अपना भूमि अनुबन्ध करें,तथा विधिक भू-उपयोग के अनुसार ही मौके पर कोई गतिविधि/निर्माण करें, अन्यथा उ०प्र० (निर्माण कार्य विनियमन) अधिनियम 1958 की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करते हुये अनियमित कालोनियों व निर्माण को अवैध घोषित करते हुये उन्हें ध्वस्त कर हटा दिया जायेगा। उन्होंने सभी से अनुरोध व

अपील की है कि अपनी योजनाओं का ले-आउट विनियमित क्षेत्र कार्यालय से पास कराकर ही उन पर कार्य करें। विनियमित क्षेत्र की जांच कराने के उपरान्त ज्ञात हुआ कि लगभग चालिस अनिय मित/अवैध कालोनियों का निर्माण कराया जा रहा है, जिनके विरूद्ध इस कार्यालय द्वारा चौंसठ व्यक्तियों को नोटिस निर्गत किया जा चुका है। सुनवाई का अवसर देते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित है,जिसमें अवैध व बिना ले-आउट पास कराये हुये अनियमित कालोनियों का ध्वस्तीकरण भी किया जाना है। उन्होंने सभी से अपील है कि विनियमित क्षेत्र के अन्तर्गत हो रहे निर्माण/प्लाटिंग का ले-आउट नक्शा पास कराने के उपरान्त ही कार्य करें। विनियमित क्षेत्र के सम्बन्ध में किसी भी जानकारी के लिये कार्यालय में प्रत्येक सोमवार,मंगलवार बुधवार को प्रातः दस बजे से एक बजे तक उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# दुकानदारों के समर्थन में उतरे भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी। दुकान व गोदाम से लूट और डकैती के मामले में गुस्साये लोगो ने अटल चौक चौराहा किया जाम।

## दुकानदारों के समर्थन में उतरे भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी।

- दुकान व गोदाम से लूट और डकैती के मामले में गुस्साये लोगो ने अटल चौक चौराहा किया जाम।
- धरने पर बैठे भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी पुलिस पर लगाया मिली भगत का आरोप।

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय। जिले के थाना रेउसा क्षेत्र में खाद की दुकान व गोदाम से हुई लूट में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर दुकानदारों के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी के विधायक ज्ञान तिवारी रेउसा के अटल चौक पर धरने पर बैठ गए। विधायक के धरने पर बैठने की खबर से जिले के अफसरों में हड़कंप मच गया और उनके हाथ पांव फूलने लगे। आपको बताते चले कि रेउसा थाना क्षेत्र के निवासी कुलदीप कुमार पाण्डेय पुत्र संत कुमार पाण्डेय निवासी बरौली पोस्ट रेउसा थाना रेउसा ने पुलिस अधीक्षक सीतापुर को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनकी खाद बीज व कीट नाशक की थोक की दुकान सरकार के सहयोग से संचालित है। बीती रात लगभग दो बजे साबिर,इकरार,मंजू सिंह समेत करीब बीस से तीस लोग असलहा लेकर दुकान में घुस गए जिसमें करीब पांच पिकअप माल भरकर ले गए। इस घटना कांड को लेकर रेउसा पुलिस पर मिली भगत का आरोप पीड़ित लगा रहा है। पीड़ित ने बताया कि इस घटना की जानकारी रात में ही पुलिस को दी गई लेकिन सुबह ग्यारह बजे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। पुलिस की कार्यशैली को लेकर इस मामले पुलिस के ऊपर सवालिया निशान भी खड़े हो रहे हैं। कार्यवाही ना होते देख इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी पीड़ित के द्वारा क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी को दी गई ।मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ने अटल चौक पर चल रहे धरने पर बैठ गए और घटना स्थल से ही फोन

करके रेउसा थाना अध्यक्ष से जानकारी मांगी लेकिन विधायक के फोन का उन पर कोई असर नहीं हुआ जिससे विधायक आग बबूला हो गए। प्रदर्शन कार्यों में सिर्फ एम्बुलेंस को जाने का रास्ता दिया। पीड़ित का कहना है कि यदि इस प्रकार के कृत्य जब मेन रोड और हाईवे पर होते रहेंगे तो आम जनमानस का क्या हाल होगा। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से नगदी समेत लगभग पांच पिकप माल लूट ले गए पीड़ित के अनुसार उधार की वसूली गई नकदी चार लाख बीस हजार रुपए व माल सहित डकैती पच्चिस से छब्बिस लाख रुपए की होना बताई गई है जिसको लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित के बताने के अनुसार बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद रेउसा थाना प्रभारी के स्तर से कोई सहयोग नहीं मिला। तब जाकर क्षेत्रीय विधायक से सहयोग का अनुरोध किया गया। रेउसा विधायक ज्ञान तिवारी के धरना स्थल पर बैठने के बाद उन्हें समझाने की मौजूद अधिकारियों द्वारा भरसक कोशिश की गई। अन्त में बताया गया कि फोन पर जिले के पुलिस प्रमुख चक्रेश मिश्र ने सेउता विधायक ज्ञान तिवारी से बात की। वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक ने रेउसा थाना प्रभारी घनश्याम राम को शाम तक लाइन हाजिर करने का आश्वासन दिया । वही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात भी कही। पुलिस अधीक्षक से मिले आश्वासन के बाद सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने अपना धरना स्थगित कर दिया। सूत्रों की माने तो जिस दुकान में कुलदीप पांडे पेस्टिसाइड्स की दुकान किए हुए थे वह दुकान किराए पर थी इस दुकान के मालिक श्रीवास्तव थे जिन्होंने अपनी दुकान साबिर के हाथ बिक्री कर दिया था जिनकी रजिस्ट्री भी उनके बीवी के नाम थी कई बार खाने के बाद भी किराएदार कुलदीप पांडे दुकान खाली नहीं कर रहे थे और अपना कब्जा जमा रखे थे। इस दौरान मौके पर उप जिला अधिकारी बिसवां के साथ क्षेत्राधिकारी बिसवां तहसीलदार,थाना थानगांव प्रभारी समेत कई थानों का पुलिस बल रहा मौजूद रहा।

## संक्षिप्त डायरी

# वार्षिक साधारण सभा समिति प्रांगण में हुई सम्पन्न।

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय। एक लाख तीस हजार किसानों की एकमात्र विश्वसनीय संस्था सहकारी गन्ना विकास समिति लि०, हरगांव के साधारण सभा की बैठक समिति प्रांगण में पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। साधारण सभा की बैठक की अध्यक्षता साधारण सभा के प्रतिनिधि/ निवर्तमान संचालक बच्चू लाल वर्मा ने की एवं सभा का संचालन समिति के सचिव आनंद प्रकाश दुबे ने किया। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई जिसकी पुष्टि सर्व सम्मति से उपस्थित सदस्यों ने की। यह बैठक में गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक 449 सी/क्र०/सु०/04/2024-25/दिनांक 22 अगस्त 2024 के अनुपालन में पेराई सत्र 2024-25 के लिए उ०प्र० गन्ना (पूर्ति एवं खरीद विनियमन) अधिनियम 1953 की धारा - 15 एवं नियमावली 1954 के नियम 21 के अन्तर्गत समिति एवं चीनी मिलों के सुरक्षण/अभ्यर्पण के सम्बन्ध में बुलाई गई। बैठक में मौजूद अवध शुगर एण्ड एनर्जी लि० हरगांव के अधिशाषी उपाध्यक्ष गन्ना शरद सिंह ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी चीनी मिल के पक्ष में गन्ना सुरक्षित अभ्यर्पित किए जाने की मांग की। इसके अलावा बैठक में मौजूद चीनी मिल ऐरा चीनी मिल कुंभी चीनी मिल जवाहरपुर जवाहरपुर तथा अजवापुर के प्रतिनिधियों ने भी गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी चीनी मिल के पक्ष में गन्ना सुरक्षित अभ्यर्पित किए जाने की मांग की। चीनी मिलों की जायज मांग को उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। इस बैठक में मौजूद कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया के वैज्ञानिक डॉक्टर दयाशंकर श्रीवास्तव ने उन्नतशील खेती रोग/कीट एवं जीवामृत खेती करने के बारे में उपस्थित किसानों को विस्तार से बताया। इस बैठक में मुख्य रूप से साधारण सभा के प्रतिनिधि/निवर्तमान संचालक रामकुमार शुक्ला महेन्द्र दत्त मिश्र दिनेश मिश्र अमरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में किसानों की मौजूदगी के साथ ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राजदेव कपिल मौजूद रहे। उन्होंने गन्ना विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में उपस्थित किसानों को विस्तार से बताया। बैठक की सफलता में गन्ना समिति के लिपिक मो०यूनुस खां, नागेन्द्र कुमार अयूब हसन अनीस अहमद जितेंद्र दुबे ने अपनी भूमिका निभाई बैठक शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

# नोडल अधिकारी ने जिले के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

बहराइच आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के लिए नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी संयुक्त सचिव, इकोनॉमिक्स अफेयर, भारत सरकार आलोक तिवारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक जनपद/विकास खण्ड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए नीति आयोग द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य पोषण, शिक्षा, मूलभूत संरचना, कृषि एवं जल संसाधन, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन इत्यादि सूचकांको में अर्जित की गई उपलब्धियों पर संतोष जताते हुए अधिकारियों को आहवान किया पूर्व की भांति ही टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनपद को प्रदेश के अग्रणी जिलों में स्थान दिलाने का प्रयास करें। श्री तिवारी ने अधिकारियों को आहवान किया कि आकांक्षी जनपद व ब्लाक के विकास के लिए बेहतर रोडमैप तैयार कर उसे निर्धारित समयावधि में क्रियान्वित की करें। नोडल अधिकारी श्री तिवारी ने जिले के अधिकारियों को सुझाव दिया कि जिले में साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया जाय तथा ड्राप आउट बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम चलाकर उन्हें शिक्षित किया जाय। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी ग्राम पंचायतों को नेट सुविधा से सुसज्जित किया जाय ताकि ग्राम के पंचायत सचिवालय पूरी क्षमता के साथ आमजन को सेवाएं प्रदान कर सकें। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के माध्यमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों तथा परीक्षाफल का परीक्षण करा लिया जाय ताकि शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन हो सके। श्री तिवारी ने कहा कि आकांक्षी के विकास में जहां भी उनके सहयोग की आवश्यकता हो निःसंकोच उनके संज्ञान में लाया जाय ताकि वे अपने स्तर पर भारत सरकार में प्रयास कर सकें। बैठक का संचालन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र

ने नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों में अर्जित की गई उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, पीडी डीआरडीए अरूण कुमार सिंह, डीसी मनरेगा सतीश पाण्डेय, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री राधाष्टमी के अवसर पर बिशाल भंडारा का हुआ आयोजन

संस्कार उजाला
देवेन्द्र कुमार मिश्रा

मथुरा - श्री लाडलीजू के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे बिशाल भंडारे का आयोजन जवाहर बाग मे हुआ वृज मे जैसे श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े धूमधाम से मनाई जाती हैं ऐसे ही श्री राधा जी का जन्मोत्स्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है जगह जगह भंडारे का आयोजन और संस्कृतिक प्रोग्राम होते है ।इस मोके पर जिला उद्यान अधिकारी श्री मनोज कुमार जी,रामशरण भारती,,योगेश जी ,बंटी जी,देवेंद्र पाल जी,दीनू वशिष्ठ,सौरव प्रताप ,अखलेश सैनी,पवन,संजय शर्मा,आजादी,कुशलपल सिंह,जमुना पंडित,सचिन ,वृजेश, रामप्रसाद,अमरसिंह,पप्पू,मोतीराम,तुहीराम,राजेंद्र दुवे,साहबसिंह,रजनीश आदि प्रशाद वितरित करने मे मौजूद रहे।।

# जल जीवन जागरूकता के लिए आंगनबाड़ी व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कर झंडी दिखाकर गाँव के लिए किया गया रवाना।

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय। जिले में विधिवत और व्यवस्थित तरीके से सहयोगी संस्था एपिनवेटिव टेक्नोलॉजी प्राइवेट लि०, नोएडा के द्वारा जल जीवन मिशन को सफल बनाने के लिए दिनांक 13 सितम्बर 2024 को जिले के विकास खण्ड महोली के सभागार में जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लाक के खण्ड विकास अधिकारी व एडी ओ पंचायत व सीडीपीओ व आंगनबाड़ी की सुपरवाइजर ने आंगनबाड़ी की सभी महिलाओं को जल जीवन मिशन के तहत जल को व्यर्थ बहने से बचाना, उसका समुचित उपयोग करना,अशुद्ध जल पीने से बीमारी को बढावा देना उल्टी आना,पीलिया का होना, दस्त आना, पेट खराब होना व भयंकर बीमारी का शिकार हो जाना बारिश के पानी का प्रयोग करना,व्यर्थ पानी को बहने से बचाना ,व उचित प्रयोग करना आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया। महिलाओं से नारे भी लगवाये कि दूर हो रही सबकी परेशानी,पहुच रहा पीने का स्वच्छ पानी।* नल वाला जल पिलाओ, डायरिया को दूर भगाओ इस कार्यक्रम में ट्रेनर पन्ना लाल मिश्र व जिला समन्वयक संदीप कुमार तिवारी,शुभम शुक्ल आंगन बाड़ी की सुपरवाइजर मौजूद रहीं। ब्लाक के खण्ड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी व ट्रेनर पन्नालाल मिश्रा व जिला समन्वयक संदीप कुमार तिवारी शुभम शुक्ला ने प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेंट कर क्षेत्रीय विधायक को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में ब्लाक के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी ने निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

बहराइच आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के लिए नामित नोडल अधिकारी संयुक्त सचिव, इकोनॉमिक्स अफेयर, भारत सरकार आलोक तिवारी ने जनपद बहराइच के एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा पूर्व में स्वीकृत धनराशि से कृषि विज्ञान केन्द्र में निमार्णाधीन हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट, मशरूम स्पान उत्पादन एवं प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम निर्माण खण्ड-4 बहराइच के सहायक अभियन्ता चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी ने बताया कि निमार्णाधीन मशरूम स्पान उत्पादन एवं प्रशिक्षण केन्द्र की स्वीकृत लागत रू. 95.25 लाख तथा किसान प्रशिक्षण केन्द्र की लागत रू. 17.10 लाख निर्धारित है। श्री त्रिवेदी ने बताया कि निर्माण कार्य को माह दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। नोडल अधिकारी श्री तिवारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को समय से पूर्ण कराया जाय। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला अस्पताल में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव।

## केक कटवा कर मां को बेबी किट मिष्ठान, पंपलेट किट देकर किया गया सम्मानित।

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय।

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिला कल्याण विभाग की ओर से कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम जिला महिला चिकित्सालय सीतापुर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी निधी बंसल ने बालिकाओं के जन्म पर केक कटवाकर उनकी माँ को बेबी किट, मिष्ठान,पम्पलेट किट देकर सम्मानित किया। उन्होंने नवजात

बच्चियों के माता-पिता से कहा कि यहाँ से जाने के बाद कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत आवेदन कर दें। सभी जन सेवा केंद्रों पर यह

सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा सभी बच्चियों का नियमित टीकाकरण कराते रहें। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी सुश्री प्रिया पटेल ने बताया कि बेटियाँ प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं।सरकार द्वारा चलायी जा रही सुकन्या समृद्धि योजना का मुख्य उद्देश्य सभी बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करना है।महिलाओ को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। केन्द्र प्रबंधक दीपिका नाग ने वन स्टॉप सेंटर पर मिलने वाली सहायता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० सुनीता कश्यप अन्य महिलाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विकाश खण्ड कांट के ग्राम पंचायत निकरा गाव सामुदायिक शौचालय में पड़ा ताला

## और कई गांवों में सामुदायिक शौचालय में जब से बना तब से ताला बंद

संस्कार उजाला
शाहजहांपुर । आपको पता दे उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार बड़े दावे के साथ उत्तर प्रदेश राज्य को स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच मुक्त का दर्जा दे चुकी हैं। और दे भी क्यों ना। क्योंकि सरकार ने अथक प्रयास के बावजूद प्रत्येक ग्राम पंचायत में हर घर शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय पर भारी रकम खर्च किया है। जिसमे ग्राम पंचायत निकरा में बने समुदाय शौचालय व पंचायत भवन ग्राम प्रधान विजय पाल ने निर्माण कार्य शुरू कराया था जिसका कार्य अधूरा था उसके बाद बने ग्राम प्रधान रामाकांत कश्यप ने पूरा करवाया करवाने के बाद शौचालय में ताला बंद कर आज तक नही खुला जो की शौचालय में इतनी गंदगी हे की देखा तक नहीं जा रहा और प्रत्येक

सामुदायिक शौचालय के संचालन के लिए प्रति महीना निर्धारित राशि देकर केयर टेकर की नियुक्ति की गई है। रखरखाव ब्लीचिंग साबुन सैनिटाइजेशन का भी पैसा व्यय किया जा रहा है। जिसका पंचायत सचिवों द्वारा भुगतान भी किया जा रहा है। लेकिन अगर सामुदायिक शौचालयों



की स्थिति का जायजा लिया जाए तो शायद ही कोई सामुदायिक शौचालय सरकार की मंशा के अनुसार खरा उतरेगा । अधिकांश सामुदायिक शौचालय अपना अस्तित्व खोने में मजबूर दिखाई पड़ रहे हैं। शौचालयों में पानी की व्यवस्था नहीं है तो कहीं जंगल झाड़ी व गंदगी से ग्रसित हैं तो कहीं -कहीं शौचालयों में कई वर्षों से ताला पड़ा दिखाई पड़ता है। कुछ शौचालयों की पड़ताल में विकासखंड कांट के अंतर्गत ग्राम पंचायत निकरा, हुसैनपुर माधोपुर, जैसे और कई पंचायतों में ताला। बंद शौचालय घोषित किया गया है विकासखंड परिसर आदि एवं विकासखंड विसवां परिसर में बने सामुदायिक शौचालयों से अंदाजा लगाया जा सकता है। कि जिम्मेदारों ने सरकारी पैसे को बर्बाद व लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। ओर यही नही विकाश खण्ड कांट के , ऐसे कई गांव हे जगह सरकारी लाभ कुछ जब की प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी स्वच्छता अभियान पानी फेरने का काम कर रहे हे आखिर कब तक सरकारी पैसा व तुलपात कब बने रहेगी इस पर अधिकारी का क्यू नही जा रहा ध्यान

## वायरल बुखार से बचाव को लेकर अधीक्षक तंबौर ने जारी करी एडवाइजरी

संस्कार उजाला
सीतापुर राकेश पाण्डेय। जिले के तंबौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक द्वारा वायरल बुखार से बचाव के लिए आवश्यक निर्देश/ एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने बरसात के मौसम में प्रायः वायरल फीवर के बढ़ते मामलों को देखते हुए नागरिकों से सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां बरतने को कहा है। अधीक्षक तम्बौर डॉ मनोज कुमार द्वारा संक्रमण के बारे में बताया गया कि वायरल बुखार से बचने के लिए कुछ सावधानियां बेहद महत्वपूर्ण हैं। सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह अपने घर में तथा आस पास सफाई का विशेष ध्यान रखें।नमी और गंदगी ना होने दें तथा मच्छरों से बचने के लिए फुल आस्तीन के कपड़े पहने, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें तथा अन्य मच्छर रोधी उपायों का प्रयोग करें। व्यक्तिगत साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। प्रदूषित जल का सेवन न करें बारिश के कारण जल स्रोतों में प्रदूषण बढ़ जाता है, जिसके कारण वायरल फीवर हो सकता है। सामान्य लक्षण जैसे तेज बुखार सर दर्द बदन दर्द गले में खराश थकान सर्दी या खांसी होने पर तुरंत अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर डॉक्टर से परामर्श व जांच कराए। वायरल बुखार के लक्षण महसूस होते ही नजर अंदाज ना करें। अधिक से अधिक शुद्ध पानी का सेवन करें, शरीर को डिहाइड्रेट ना होने दें।अपने हाथों को बार-बार साबुन से धोएं तथा सड़े गले फलों का सेवन न करें। पर्याप्त आराम करें तथा ताजा खाना खाएं।आप इन उपायों को अपनाकर आप अपना और अपने परिवार के सदस्यों को वायरल बुखार से बचाव कर सकते हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### 13 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय।

संस्कार उजाला

क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में वाँछित/वारण्टी/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ओबरा के नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस टीम द्वारा भिन्न-भिन्न मामलों में कुल 13 नफर वारण्टी अभियुक्तों जिनके विरूद्ध न्यायालय से एनबीडब्लू व 82 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तारी का आदेश जारी किया गया था, जो लगातार काफी समय से फरार चल रहे थे तथा न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी की गयी तथा गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों को सम्बन्धित न्यायालय पेश करने हेतु रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों में गुड्डू कुमार सेठ पुत्र राधेश्याम सेठ निवासी पूर्व पुलिस लाईन के बगल में सेक्टर 10 थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, इमरान पुत्र मो0 इब्राहिम निवासी वार्ड नं0 10 मिल्लतनगर थाना ओबरा सोनभद्र, विष्णु डोम पुत्र नरेश डोम निवासी सेक्टर नं0 04 थाना ओबरा सोनभद्र, खोडू उर्फ मुकेश स्वीपर पुत्र विनोद स्वीपर निवासी क्वाटर नं0 4 सेक्टर 03 थाना ओबरा सोनभद्र, हीरा लाल पुत्र स्व0 रामकुमार निवासी बैरपुर टोल नदहरी थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, रामलगन पुत्र बेला प्रसाद निवासी बैरपुर टोला नदहरी थाना ओबरा सोनभद्र, राजाराम विश्वकर्मा पुत्र स्वद गोविन्द निवासी टेडी टेन बैरपुर थाना ओबरा सोनभद्र, रामविचारे पुत्र स्व0 रामसुन्दर निवासी परसोई टोला गाडा पाथर थाना ओबरा सोनभद्र, हीला लाल पुत्र स्व0 रामकरन निवासी परसोई टोला गाडा पाथर थाना ओबरा सोनभद्र, रामलखन पुत्र स्व0 राममसुन्दर निवासी परसोई टोला गाडा पाथर थाना ओबरा सोनभद्र, राम गुल्ली पुत्र स्व0 घरभरन निवासी पसरोई थाना ओबरा सोनभद्र, देवमुरत खरवार पुत्र रामदुलारे निवासी परसोई थाना ओबरा सोनभद्र, शिववहाल पुत्र लम्बू गुजर निवासी परसोई टोला गाडा पाथर थाना ओबरा जनपद सोनभद्र ।

### ओवरलोड ट्रकों के कारण नगर में आए दिन लग रहे जाम।

संस्कार उजाला

सोनभद्र अरविन्द गुप्ता

**रेणुकूट/सोनभद्र।** स्थानीय नगर में आए दिन लग रहे जाम के बावजूद ओवरलोड ट्रकों के धड़ल्ले से संचालन के कारण प्रतिदिन लोगों को जाम का झाम झेलना पड़ रहा है, बीते दो दिनों से भी नगर सहित पिपरी क्षेत्र में जाम के कारण काफी परेशानी हुई। गुरुवार की रात से नगर में लगा जाम शुक्रवार की सुबह तक चलता रहा जिससे एक बार फिर स्कूली बच्चों और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मजदूरों को बड़ी परेशानी हुई, तमाम मजदूर तो अपने कार्य पर नहीं पहुंच सके और स्कूली बच्चों को भी बस न आने के कारण घर वापस लौटना पड़ा। नगर क्षेत्र के लोग आए दिन जाम लगने से परेशानी झेल रहें हैं। आये दिन लगने वाले जाम का मुख्य कारण ओवरलोड वाहन है जो अक्सर रास्ते में ही खराब हो जा रहे हैं। दो लेन की सड़क होने की वजह से जाम लग जा रहा है वहीं इसी जाम में फंसकर दूसरे ओवरलोड वाहन भी खराब हो जा रहे हैं जिससे जाम की समस्या खत्म होने की बजाय बढ़ती जा रही है। कोढ़ में खाज की स्थिति तो तब बन जाती है जब पटरियों पर बड़े-बड़े गड्ढे होने की वजह से गाड़ियां सड़क से नीचे नहीं उतर पाती। हाथीनाला से शक्तिनगर तक सड़क पर पटरियों के न होने से भी स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो रही है पटरियों पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे भी जाम न हटने का कारण बन रहे हैं। यदि पटरियों को मिट्टी और पत्थर से ही भर दिया जाए तो इस पर गाड़ियां किनारे लग सकती है लेकिन इस संबंध में भी कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। गुरुवार की रात भी वाहनों के खराब होने से जाम की स्थिति बढ़ती गई जो शुक्रवार की सुबह तक लोगों को जाम झेलना पड़ा। जाम की वजह से बस में फंसे यात्रियों को भी बस से उतरकर पदयात्रा करनी पड़ी, छत्तीसगढ़ निवासी निरंजन कुमार ने बताया कि वह मुर्धवा मोड़ से 2 किलोमीटर पहले जंगल में ही बस से उतरकर मुर्धवा मोड पहुंचे उन्होंने कहा कि यह सब प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है यदि प्रशासन ओवरलोड वाहनों का संचालन बंद कर दे तो ऐसी स्थिति नहीं होगी।

### खोये हुए 01 एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद कर मोबाइल स्वामी को किया गया सुपुर्द।

संस्कार उजाला

क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

**सोनभद्र।** मनोज कुमार गर्ग पुत्र जगदीश प्रसाद गर्ग निवासी 154 वार्ड नं0 18 गौरव नगर थाना चोपन जनपद सोनभद्र का मोबाइल कहीं खो गया था, जिसकी सूचना आवेदक द्वारा थाना चोपन पुलिस को दी गयी तो आवेदक के खोये हुये मोबाइल की डिटेल यूपी कॉप एप्लीकेशन के माध्यम से पोर्टल पर दर्ज कराया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में खोये/ गिरने से सम्बन्धित मोबाइल सेट की बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थानों पर मोबाइल रिकवरी टीम गठित किया गया। इसी क्रम में थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुये मल्टीमीडिया मोबाइल को सफलता पूर्वक बरामद कर आवेदक को सुपुर्द किया गया । जिसपर आवेदक एवं आमजन द्वारा पुलिस टीम की कोटि-कोटि प्रशंसा की गयी ।

### चितौरी निवासी सुरज पाल सिंह का गिरा घर बॉल बॉल बचा परिवार,

संस्कार उजाला

**माधौगण जालौन,** माधौगण कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चितौरा निवासी सूरज पाल सिंह पुत्र लल्लू सिंह अपने परिवार के साथ घर में रह रहे थे लेकिन अत्यधिक बरसात होने के कारण उनका मकान गिर गया मकान में रखा गृहस्ती का पूरा सामान उसी में दब गया सूरज पाल सिंह ने बताया कि आवास के लिए हम कई वर्षों से दर-दर भटक रहे हैं और 1076 से लेकर ब्लॉक व अन्य जगह कई बार कंप्लेंट की लेकिन हमारी कोई भी सुनाई नहीं हुई ग्राम चितौरा निवासी सूरजपाल सिंह ने बताया कि जिस समय हमारा घर गिरा उस समय हम घर पर नहीं थे मेरा परिवार घर पर था जिसमें मेरी पत्नी कंचन देवी, पुत्र ओम सिंह, पुत्री मानसी, नीतू जो घर पर ही मौजूद थे घर गिरने से यह लोग बाल बाल बच गए

# योगी का हाथ 30 सेकेंड में ठीक कर दिया

## खर्च के नाम पर सिर्फ सेल्फी ली, लखनऊ में सीएम ने डॉक्टरों को सुनाई कहानी

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा- पिछले हफ्ते गोरखपुर गया था। एक परिचित डॉक्टर मुझसे मिलने आए। मेरे हाथ में एक पट्टी बंधी देखकर उन्होंने मुझसे पूछा- क्या हो गया? मैंने कहा कि बड़े-बड़े डॉक्टरों को इसे दिखाया है, लेकिन आराम नहीं मिला। उन्होंने कहा- मैं इसे ठीक कर दूंगा। हमने खर्च पूछा तो बोले सही होने के बदले एक सेल्फी लूंगा। वो जेब में इंजेक्शन भी लेकर आए थे। मैंने कहा- इंजेक्शन नहीं लगवाऊंगा। फिर उन्होंने बिना इंजेक्शन लगाए आधे मिनट में मेरा हाथ ठीक कर दिया। उन्होंने कहा- बेवजह ऑपरेशन के चक्कर में पड़ते तो 6 महीने बाद फिर समस्या हो जाती। वो एलोपैथी के डॉक्टर थे, लेकिन उन्होंने अपने अनुभव से हाथ को दबाकर ठीक कर दिया। सीएम योगी ने शुक्रवार को लखनऊ में राम मनोहर लोहिया संस्थान के चौथे स्थापना दिवस समारोह में ये बातें कही। सीएम ने 10 डॉक्टरों को सम्मानित भी किया। इस दौरान योगी ने कहा- डॉक्टरों को संवेदनशील होना बेहद जरूरी है। यह संभव नहीं है कि एक ही मर्ज पर एक ही दवा फायदा करे। इसके लिए रिसर्च और स्टडी की जरूरत है। लखनऊ में 70 लाख की आबादी है। लोहिया संस्थान पूर्वी यूपी का गेटवे है। बिहार और नेपाल से भी लोग यहां आते हैं। यूपी की 25 करोड़ की आबादी है। जब यहां की आबादी के बारे में कोई सुनता है तो चौंक जाता है। फिर पूछता है कि 25 करोड़ या 25 लाख? हम बताते हैं कि नगर निकाय की आबादी 25 लाख है। विदेशी राजनयिक चौंकते हैं। यह चुनौती है और अवसर भी। जीवन में सफलता के दो रास्ते होते हैं। एक समस्या, दूसरा समाधान। समस्या पर ध्यान केंद्रित करेंगे तो समस्या ही नजर आएगी। जब मैं समस्या की बात करता हूं तो लोग नई समस्या खड़ी करते हैं। समस्या बहाना बनाने का कारण होती है। समाधान तलाश करेंगे तो वह मिलेगा। केंद्र सरकार ने 70 साल के हर व्यक्ति को 5 लाख की सुविधा मेडिकल के लिए दी है। सीएम राहत कोष में जो भी आता है, हम चेहरा नहीं देखते हैं। सीधे 3 दिन में अस्पताल तक पैसा पहुंच जाता है। जनप्रतिनिधि के स्तर पर भी इस तरह की सुविधा है। समस्या पैसे की नहीं, प्रबंधन की है। अगर सिस्टम से काम किया जाए तो बेहतरीन परिणाम आ सकते हैं। अच्छा करेंगे तो अच्छे परिणाम आएंगे, गलत करेंगे तो उसके दुष्परिणाम भी आपके सामने आएंगे। 2017 के पहले इंसेफ्लाइटिस से मौतें होती थीं, सरकारें सोई रहती थीं। गोरखपुर सांसद रहते मैंने सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाई। 2017 में जब मुख्यमंत्री बना तो इससे निपटने की जिम्मेदारी मेरी हो गई थी। डॉक्टर्स को मरीजों को सही समय पर सोने और उठने की आदत डलवानी चाहिए। दवा से कब तक जिएंगे। अक्सर देखा जाता है कि हमें खुद पर विश्वास नहीं होता है। हम दुनिया की तरफ भागते हैं। एक डॉक्टर के बारे में कहा जाता था कि जितना अनुभवी होगा, उसका लाभ हमें मिलता है। फ्री के नाम पर दवा नहीं लेनी चाहिए, क्योंकि वह फायदे की जगह नुकसान कर सकती है। हम पेशेंट्स को यह बता सकते हैं। 11 बजे सो कर उठेगा। रात को 3 बजे सोएगा। हमें उसे समय पर सोने की आदत डलवानी होगी। दवा से कब तक जिएंगे। इसके लिए भी प्रेरित करना चाहिए। हॉस्पिटल के साथ सीएचसी, पीएचसी के साथ इंस्टीट्यूट का समन्वय हो।

## मार्क्सवादियों ने कामरेड सीताराम येचुरी को दी श्रद्धांजलि

**कसया, कुशीनगर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला इकाई द्वारा नगर स्थित कार्यालय पर एक शोक सभा आयोजित कर दिवंगत कम्युनिस्ट नेता कामरेड सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा को संबोधित करते हुए माकपा के जिला सचिव कामरेड अयोध्या लाल श्रीवास्तव ने स्व. येचुरी के छात्र जीवन व राजनैतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि का. येचुरी ने राष्ट्रीय राजनीति में अहम योगदान दिया। अपनी सूझ बूझ और राजनैतिक क्षमता के बल पर देश को वैश्विक फलक पर प्रसिद्धि दिलाई। उनका निधन बामपंथी, लोकतांत्रिक और धर्म निरपेक्ष ताकतों के लिए अपूरणीय क्षति है। शोषण मुक्त समाज के लिए एकजुट संघर्ष का हमें संकल्प लेकर शोषण मुक्त समाज बनाने का संकल्प लेना होगा। हम उन्हें सम्मान जनक श्रद्धांजलि लाल सलाम के साथ देते हैं। अध्यक्षता का. गेंदा सिंह ने किया। इस दौरान का. वीपी गुप्ता, का. इदरीश, का. कैलाश गोंड़, का. जवाहर शर्मा, का. कैलाश गोंड़, का. राजेन्द्र सिंह, का. कैलाश गिरी, का. त्रिवेंद्रम, का. अशोक जायसवाल आदि पार्टी जनों ने शोक व्यक्त किया।

## मुफ्ती सईद अहमद को चौथी बार जमीयत उलेमा कुशीनगर का अध्यक्ष चुना गया

**कुशीनगर।** मदरसा जामिया अल मुमिनात अल इस्लामिया की मस्जिद में जमीयत उलेमा कुशीनगर की चुनावी बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जमीयत के सरपरस्त मौलाना रहमतुल्लाह अल कासमी ने की। इस मौके पर जमीयत उलेमा कुशीनगर के सभी अधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत हाफिज शमीम अहमद की तिलावत- ए- कुरान और मौलाना कुतुबुद्दीन की नात-ए-पाक से हुई।

जमीयत उलेमा कुशीनगर के अध्यक्ष मुफ्ती सईद अहमद ने बैठक का एजेंडा पेश करते हुए सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में जमीयत की अहमियत और भी बढ़ गई है और पूरे जिले के उलेमा का एक ही आवाज पर एकत्रित होना जमीयत से उनके गहरे लगाव और प्रेम का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जमीयत ने हर कठिन समय में हमारी रहनुमाई की है और भविष्य में भी करती रहेगी। इसके बाद चुनावी प्रक्रिया मौलाना रहमतुल्लाह अल कासमी और प्रबंधन समिति की निगरानी में शुरू की गई। मौलाना रहमतुल्लाह अल कासमी ने जमीयत की सेवाओं और कार्यों को ध्यान में रखते हुए मौजूदा समिति को अगले कार्यकाल के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी उपस्थित सदस्य और अधिकारी सहमति से मंजूर करते हुए हाथ उठाकर इसका समर्थन किया। मुफ्ती सईद अहमद को चौथी बार जमीयत उलेमा कुशीनगर का अध्यक्ष चुना गया, जबकि मौलाना मोहम्मद आबिद को दूसरी बार महासचिव चुना गया। इसके साथ ही सभी तहसीलों के अध्यक्ष और सचिव की नियुक्तियों को भी अगले कार्यकाल तक के लिए बढ़ा दिया गया।पडरौना तहसील में मौलाना अब्दुल कुद्दूस और कप्तानगंज तहसील में मौलाना जावेद अहमद कासमी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर उपस्थित अन्य प्रमुख उलेमा और शख्सियतों में शामिल थे: मौलाना शब्बीर अहमद कासमी, मौलाना रियाज अहमद कासमी, मौलाना अरशद (मौलाना जलालुद्दीन के पुत्र), मौलाना तौफीक अहमद, मौलाना रियाज अहमद ठेकेदार, मौलाना अलाउद्दीन, मौलाना जावेद अख्तर, मौलाना वहीदुज्जमान कासमी, मौलाना मुजाहिद अली, मौलाना कुतुबुद्दीन, मौलाना अब्दुल कयूम, मौलाना सईदुज्जमान, मौलाना मुनीर अहमद, मौलाना मुस्तफा, मौलाना आफताब आलम, मौलाना मोहम्मद आरिफ, मौलाना जमीअल अख्तर और हाफिज अबू हुजैफा। इस प्रकार मौजूदा समिति को अगले कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से बहाल कर दिया गया और जमीयत की अगुवाई को एक बार फिर सबका समर्थन प्राप्त हुआ।

## सदस्यता अभियानः सशक्त भाजपा से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा पूराः पीएन पाठक

**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को कुशीनगर विधायक पीएन पाठक के नेतृत्व में पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत घर-घर संपर्क अभियान शुरू किया । इसके जरिए हर घर तक पहुंच कर अधिक से अधिक सदस्य बनाया गया । कुशीनगर विधायक पीएन पाठक विधानसभा क्षेत्र के सखवनिया शिवपुर पिपरा जटामपुर कुवेरस्थान हरैया होरलापुर सहित दर्जनों गांवों में जाकर डोर टू डोर भारी संख्या में कार्यकताओं के साथ घर घर सम्पर्क करते हुए लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया इस दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए भाजपा विधायक पीएन पाठक ने कहा कि भाजपा ने अपने सभी संकल्पों को पूरा किया है। इसलिए जनमानस का अटूट विश्वास भाजपा के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकारों की प्रत्येक योजना गरीब, किसान, महिलाओं तथा युवाओं की आर्थिक व सामाजिक उन्नति के लिए समर्पित है। इसलिए देश के गरीब, किसान, महिलाएं तथा युवा भाजपा के साथ है और भाजपा परिवार के साथ जुड़ना चाहते है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश का एकमात्र विचारधारा आधारित राजनीतिक संगठन है। कर्तव्यनिष्ठ कार्यकताओं के परिश्रम से संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और अपने संकल्पों को पूरा करने का काम कर रहा है। अभी संगठन पर्व चल रहा है। संगठन के विस्तार से ही संगठन की विचारधारा, संगठन के संकल्प और लक्ष्य पूर्ण होते हैं। इसलिए पूरी ऊर्जा और परिश्रम के साथ सभी को सदस्यता अभियान में जुटना है। सशक्त भाजपा से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। मण्डल अध्यक्ष बच्चा सिंह ने बताया सदस्यता अभियान के माध्यम से जनमानस को भाजपा से जोड़ने के लिए संगठन हर दहलीज तक पहुंच रहा है। इस दौरान दिनेश तिवारी, अजय पटेल, कृष्णा मोहन पांडेय, राजकुमार शर्मा, कृष्णा पांडेय, आद्या पांडेय, नितिश यादव, शैलेन्द्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, शुभम दीक्षित, राजू सिंह आदि मौजूद रहे।

## गणेश उत्सव की धूमः महाराष्ट्र जैसा भव्य नजारा

गोरखपुर । इस साल गणेश चतुर्थी की धूम महाराष्ट्र जैसी नजर आ रही है। पूरे शहर में गणपति बप्पा के स्वागत के लिए भव्य पंडाल सजाए गए हैं, जहां गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

घासीकटरा, मिजार्पुर चैक, कच्चीबाग, पांडेयहाता, धर्मशाला बाजार, गोरखनाथ और राजेंद्रनगर जैसे प्रमुख इलाकों में पंडालों की भव्य सजावट देखने लायक है। गणपति उत्सव के इन 10 दिनों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं का मुख्य आकर्षण बने हुए हैं।

पंडालों के अलावा, कई घरों में भी छोटी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर भक्तगण भगवान गणेश की पूजा-अर्चना में लीन हैं। गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से शहर गूंज रहा है, और भगवान गणेश के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पंडालों में उमड़ रहे हैं। गोरखपुर में इस बार गणेश चतुर्थी का उत्साह और भव्यता अद्वितीय है, जो हर किसी के दिल को छू रही है।

## नाले के पानी में डूब कर सात वर्षीय बालक की मौत

संस्कार उजाला

**माधौगण जालौन ।** वर्षा ऋतु के पानी से उफनाये नाले में सात वर्षीय बालक की डूबने से मृत्यु हो गई । रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम मडैया अंगदेला निवासी प्रमोद कुमार पुत्र रामरतन का सात वर्षीय पुत्र संस्कार खेलते खेलते गांव के पास के खेतों पर चला गया । खेतों के पास एक गहरा नाला जिसमें गहराई तक बर्षा का पानी भरा था । दोपहर लगभग दो बजे जब संस्कार नाले के पास खेल रहा था कि अचानक पैर फिसलने से वह नाले के पानी में गिर गया । आसपास खेतों पर पशु चला रहे लोगों ने जब बालक संस्कार को पानी में गिरते देखा तो उसे बचाने का प्रयास किया एवं आनन फानन घटना की सूचना गांव भेजी । सूचना पाकर परिजन एवं काफी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर एकत्रित हो गए , काफी प्रयास के बाद उसे पानी से बाहर निकल गया व समीप चिकित्सालय ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना रामपुरा थाना पुलिस को दे दी गई । पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# वृद्धा आश्रम में लगा स्वास्थ्य कैम्प

## वृद्धजनों की हुई टीबी स्क्रीनिंग

**कसया, कुशीनगर।** जनपद में चल रहे सघन टीबी खोज अभियान के तहत शुक्रवार को क्लोज सेटिंग कार्यक्रम के लिये सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी के निर्देश पर आरबीएसके टीम एवं टीबी यूनिट की टीम द्वारा सँयुक्त रूप से स्थानीय नगरपालिका परिषद में स्थित बृद्धा आश्रम में स्वास्थ्य कैम्प लगाकर वहाँ रह रहे सभी बृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीबी स्क्रीनिंग किया गया। सीएचसी से टीम में डॉ संजय सिंह,डॉ सावित्री सिंह,डॉ नाजरीन फातिमा द्वारा सभी बृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुये बीपी, सुगर की जाँच किया गया तथा बिरेन्द्र शर्मा, अमजद अली एवं मीरा दुबे द्वारा दवाओं का वितरण किया गया। बृद्धा आश्रम में चार बृद्ध महिलाओं को डॉ संजय सिंह एवं उनकी टीम द्वारा उनके कमरे में पहुँचकर स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा उपलब्ध करायी गयी तो वही वरिष्ठ क्षयरोग पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र एवं शाहिद अंसारी द्वारा 83 बृद्धजनों की टीबी के लक्षणों की स्क्रीनिंग की गयीं एवं टीबी के संभावित लक्षण वाले 5 व्यक्तियों के बलगम के नमूने भी एकत्र कर जाँच हेतु सीएचसी लाये गये।

वहाँ उपस्थित बृद्धजनों को सम्बोधित करते हुई डॉ संजय सिंह एवं आशुतोष मिश्र ने कहा कि जिनको भी दो हफ्ते से ज्यादा की खाँसी,बलगम आना, बलगम में खून आ रहा हो, रात में पसीना, वजन कम होना, भूख न लगना, गांठ होना, बाझपन आदि लक्षण दिखे तो संकोच न करे तत्काल सरकारी अस्पताल पर सम्पर्क कर अपनी जाँच कराये। जाँच एवं उपचार की व्यवस्था निःशुल्क है। टीबी रोगियों को उपचार के साथ ही प्रतिमाह पांच सौ रुपये पोषण भत्ता भी दिया जाता है।

बृद्धा आश्रम की प्रबन्धक रज्जो राजा द्वारा स्वास्थ्य टीम के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान मनोज पांडेय, सुजीत कुमार दास, रमा प्रजापति, नक्षत्र, अरुण कुमार राव, रुचि मल्होत्रा, कृष्ण, सुमन्त, विकास आदि उपस्थित रहे।

## चिकित्सकों की हड़ताल के दौरान इलाज के अभाव में मरे 29 लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रु देंगे : ममता

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की कि राज्य सरकार उन 29 लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा देगी, जिनकी आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों की हड़ताल की वजह से कथित तौर पर इलाज के अभाव में मौत हो गई। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' जारी पोस्ट में लिखा, ''यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनिष्ठ चिकित्सकों द्वारा लंबे समय से जारी हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवधान पैदा हुआ औरहमने 29 बहुमूल्य जिंदगियां खो दीं।'' उन्होंने कहा, ''शोक संतप्त परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार प्रत्येक मृतक के परिवार को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा करती है।'' कनिष्ठ चिकित्सक नौ अगस्त को सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक महिला चिकित्सक का शव मिलने के बाद से 'काम बंद' आंदोलन कर रहे हैं। महिला चिकित्सक से कथित तौर बलात्कार करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी।

## आजमगढ़ में बुलडोजर एक्शन पर हाईकोर्ट सख्त....18 तक जबाव दें

प्रयागराज। यूपी के आजमगढ़ में कानूनी प्रक्रिया बिना अपनाए बुलडोजर से घर गिराने पर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। इलाहाबाद हाईकोर्ट का यह बयान बुलडोजर पर सुप्रीम कोर्ट के रुख के बाद आया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार से पूछा है कि ऐसी कौन सी परिस्थिति थी, जिसके कारण कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना याचिकाकर्ता के घर को गिरा दिया गया। अदालत ने मामले में यूपी सरकार से जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। बता दें कि जमीन विवाद को लेकर आजमगढ़ के एडिशनल कलेक्टर ने 22 जुलाई को सुनील कुमार का घर गिराने का आदेश जारी किया था। आरोप है कि कुमार को सुनवाई का कोई मौका दिए बिना ही उनके मकान पर बुलडोजर चलाया गया। मामले की सुनवाई जस्टिस प्रकाश पड़िया की सिंगल बेंच में हुई। अब इस मामले में हाईकोर्ट 18 सितंबर को सुनवाई करेगा। इसके बाद 18 सितंबर तक योगी सरकार को जवाब दाखिल करना होगा। बुलडोजर जस्टिस पर सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिनों सुनवाई की थी। जिस पर सख्त टिप्पणी करते हुए शीर्ष कोर्ट ने कई सवाल खड़े किए थे। गुजरात के मामले पर सुनवाई करते हुए जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस एसवीएन भट्टी की कोर्ट ने कहा है कि किसी शख्स के किसी केस में महज आरोपी होने के चलते उसके घर पर बुलडोजर नहीं चलाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने ये आदेश गुजरात के जावेद अली नाम के याचिकाकर्ता की याचिका पर दिया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि परिवार के एक सदस्य के खिलाफ एफआईआर के चलते उन्हें म्युनिसिपल कॉरपोरेशन से घर गिराने का नोटिस यानी धमकी दी गई है।

## श्रीलंकाई नौसेना से तमिल मछुआरों की नाव में मारी टक्कर, कई मछुआरे घायल

नई दिल्ली। कोडियाक्कराई के दक्षिण-पूर्व में मछली पकड़ते समय श्रीलंकाई नौसेना के जहाज से टकराने के बाद तमिल मछुआरों की नाव डूब गई। इस घटना में कई मछुआरे घायल हो गए। यह टक्कर उस समय हुई जब वे इलाके में काम कर रहे थे। गश्त पर निकले श्रीलंकाई नौसेना के जहाज ने पर उनकी नाव को टक्कर मार दी, जिससे नाव समुद्र में डूब गई। घायल मछुआरों से श्रीलंकाई नौसेना के अधिकारियों ने करीब छह घंटे तक पूछताछ की इसके बाद उनका कोई चिकित्सा उपचार नहीं करवाया । मछुआरों को आखिरकार मौके पर पहुंचे अन्य स्थानीय मछुआरों को सौंप दिया गया और श्रीलंकाई नौसेना का जहाज वहां से चला गया। अन्य मछुआरों की मदद से डूबी हुई नाव को बरामद कर लिया गया और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पलटी हुई नाव और उसके ऊपर बैठे मछुआरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मछुआरों ने जीपीएस डिवाइस और मछली पकड़ने के जाल सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने या खो जाने के कारण करीब 6.5 लाख रुपए का नुकसान होने की सूचना दी है। पूर्व एआईएडीएमके मंत्री जयकुमार ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले दस सालों के विपरीत, श्रीलंकाई नौसेना ने 2024 में बहुत सारे मछुआरों को गिरफ्तार किया है। यह मछुआरों के लिए बीच समुद्र में एक सतत संघर्ष बन गया है। उन्होंने क्षेत्र में तमिल मछुआरों के सामने आने वाली कठिनाइयों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

## सांसद अमृतपाल को हाईकोर्ट का नोटिस

अमृतसर। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सांसद अमृतपाल सिंह की संसदीय सदस्यता को दी गई चुनौती मामले में नोटिस जारी कर दिया है। अमृतपाल सिंह को सांसद के रूप में अयोग्य घोषित करने के लिए विक्रमजीत सिंह द्वारा याचिका दायर की गई है। जिसकी सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट ने अमृतपाल सिंह को 25 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने का नोटिस जारी किया। अमृतपाल सिंह के खिलाफ कोर्ट पहुंचे विक्रमजीत सिंह ने याचिका में आरोप लगाया है कि अमृतपाल सिंह ने नामांकन पत्र में कई अहम जानकारियां छिपाई हैं। अपने चुनाव खर्च की कोई जानकारी नहीं दी है। जिसमें उनके समर्थन में रोजाना कई सभाएं की गई और पैसा कहां खर्च किया गया, इसकी भी जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने अमृतपाल सिंह पर धार्मिक पहचान का इस्तेमाल कर धर्म के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाया है।

## कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या के आरोप तय

**-दंगे के लिए भीड़ को उकसाने, घरों में जबरन घुसने और चोरी के भी आरोप**

नई दिल्ली । 1984 के सिख दंगा मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ दिल्ली की अदालत ने आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने टाइटलर के खिलाफ हत्या, गैरकानूनी ढंग से एकत्र होना, दंगा करना, दंगा भड़काना, अलग-अलग गुटों को एक दूसरे के खिलाफ भड़काना, घरों में जबरन घुसना और चोरी के आरोप तय किए हैं। स्पेशल जज राकेश सियाल ने कहा है कि टाइटलर ने सीबीआई के आरोपों पर कहा था कि वे दोषी नहीं हैं। इसलिए अब टाइटलर के खिलाफ इन आरोपों के हिसाब से ही केस चलेगा। मामले की अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी। अदालत ने 30 अगस्त को पिछली सुनवाई में कहा था कि टाइटलर के खिलाफ हत्या का केस चलाने के पर्याप्त सबूत हैं। सीबीआई ने मामले में टाइटलर के खिलाफ 20 मई 2023 को चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें कहा था कि टाइटलर ने भीड़ को उकसाया। इसके बाद गुरुद्वारे में आग लगाई। इस हिंसा में ठाकुर सिंह, बादल सिंह और गुरु चरण सिंह मारे गए थे। चार्जशीट के मुताबिक, एक गवाह ने आरोप लगाया था कि जगदीश टाइटलर 1 नवंबर 1984 को गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने एक एंबेसडर कार से बाहर निकले। इसके बाद उन्होंने भीड़ को उकसाते हुए कहा था- सिखों को मारो, उन्होंने हमारी मां को मारा है।

## सूरत में बड़ी मात्रा में डुप्लीकेट गुटखा समेत 6 करोड़ से अधिक का माल-सामान जब्त

सूरत । सूरत पीसीबी-एसओजी ने शहर के सरोली थाना अंतर्गत सानिया हेमाद में प्रिंस एस्टेट के एक गोदाम पर छापा मारा और लाखों रुपए का डुप्लीकेट गुटखा समेत रु. 6 करोड़ से अधिक का माल-सामान जब्त कर लिया। साथ ही पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो आरोपियों को वांटेड घोषित किया है। प्राथमिक जांच में पता चला कि उत्तर प्रदेश और राजस्थान से भारी मात्रा में डुप्लीकेट गुटखा सूरत लाया जाता था और यहां पैक कर अन्य स्थानों पर भेजा जाता था। जानकारी के मुताबिक पूर्व सूचना के आधार पर सूरत पुलिस की पीसीबी और एसओजी ने शहर के सरोली पुलिस स्टेशन सीमा के तहत आनेवाले सानिया हेमाद स्थित प्रिंस एस्टेट के क्रिया शक्ति लॉजिस्टिक्स के गोदाम पर छापा मारा।

# जो ताकतें देश के खिलाफ चलती हैं राहुल गांधी उनके साथ चलते हैं

**-केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जम्मू में कांग्रेस पर किया पलटवार**

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर जम्मू में एक सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने बीजेपी नेताओं की तरफ इशारा करते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव 2024 में यदि कांग्रेस की 20 सीटें और आ गई होती तो ये सारे के सारे लोग जेल में होते।

अनुराग ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे में कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता नजर आती है। खड़गे चुनाव हारने के बाद भी लोकतंत्र और भारत की जनता का अपमान कर रहे हैं। वहीं विदेश में जाकर राहुल गांधी भारत को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। राहुल गांधी देश के टुकड़े करने वाले लोगों के साथ नजर आते हैं। बीजेपी देश के टुकड़े करने वालों को जड़ से खत्म करने का काम करती है। कांग्रेस की

तानाशाही वाली मानसिकता नहीं चलेगी। इसे देश स्वीकार नहीं करेगा।

उन्होंने भारत विरोधी सांसद इल्हान उमर से राहुल गांधी की मुलाकात को देश विरोधी बताया। ठाकुर ने कहा कि जो ताकतें देश के खिलाफ चलती थीं राहुल गांधी उनके साथ चलते हैं। वह भारत विरोधी इल्हान के साथ मुलाकात करते हैं। वहां कौन सा झंडा था। यह लोग क्यों पाक अधिकृत कश्मीर से आए लोगों के और भारतीय समुदाय के हक छीनना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी क्यों आरक्षण को खत्म करना चाहती है।

बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने राज्य में चुनावों के बीच कश्मीर के अनंतनाग में एक सभा में कहा था कि लोकसभा चुनावों में 400 सीटों का दावा करने वाले लोग 246 सीटों पर आ गए। यदि कांग्रेस पार्टी की 20 सीटें और आ गई होती तो ये सभी लोग आज जेल में होते। ये लोग जेल में ही रहने लायक हैं। बीजेपी भाषण बहुत देती है, लेकिन इसकी करनी और कथनी में बहुत ही ज्यादा फर्क है।

## टुकड़े-टुकड़े गैंग के अपराधियों में भी दिखाई देती है जाति : गिरिराज सिंह

प्रयागराज। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि हिमाचल पूरे देश को संदेश देता है। जब तुम एकजुट रहोगे, तो दुनिया की कोई ताकत हमें नहीं हिला सकती है। ना कोई गोरी आएगा ना कोई मुगल। आज टुकड़े-टुकड़े गैंग के जो लोग सदस्य हैं। राहुल हो या अखिलेश यादव इन्हें अपराधियों में भी जाति दिखाई देती है। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने यहां

नैनी स्थित महेवा में शुक्रवार दोपहर शिल्प ग्राम का उद्घाटन करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि योगी जी को केवल अपराधी दिखाई देते हैं। यहीं अंतर योगी और अखिलेश में है। अखिलेश ने अपने कार्यकाल में केवल जाति देखा, गुंडागर्दी को बढ़ावा दिया, लेकिन योगी ने केवल क्रिमिनल को दिखा। साथ ही सीएम योगी ने कहा कि या तो अपराध न करों और घर बैठों या फिर ऊपर जाओ। उन्होंने आगे कहा कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ता, जो खड़गे ने कहा 20 सीट आता तो जेल दे देते। 76 का माहौल बनाना चाहते हैं। देश की जनता अब दोबारा तानाशाही को पनपने नहीं देगी। केजरीवाल के संबंध में उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने देश के सामने बेटे की शपथ ली, आज उनकी पूरी सरकार भ्रष्टाचार की दलदल में फंस गई है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, विकास आयुक्त हथकरघा अमृत राज, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भ्रष्ट केजरीवाल एक दिन झुकेंगे और लोग उनसे इस्तीफा मांगेंगे: भाटिया

**-दिल्ली सीएम को जमानत मिलने पर बीजेपी बोली खुश होने की जरुरत नहीं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत दिए जाने पर बीजेपी में बौखलाहट नजर आने लगी है। वह इसलिए कि अब केजरीवाल हरियाणा में होने वाले चुनाव में प्रचार करने उतरेंगे। इन्हीं सब नजरिए के चलते बीजेपी नेता गौरव भाटिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कट्टर बेईमान, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को फिर से आइना दिखाया है। जो आदेश पारित हुआ है, उसमें भ्रष्टाचारी केजरीवाल को सशर्त जमानत मिली है। आप नेताओं को ज्यादा खुश होने की जरुरत नहीं है। जमानत मिली है आरोप मुक्त नहीं हुए हैं।

भाटिया ने कहा कि अन्य आरोपियों के जमानत आदेश की शर्तें अरविंद केजरीवाल पर भी लागू होंगी। केजरीवाल का पासपोर्ट कोर्ट में रहेगा। वह विदेश नहीं जा सकते हैं। वह हर सोमवार और गुरुवार को जांच अधिकारी के सामने पेश होंगे।

वह गवाहों को डरा नहीं सकते और साक्ष्य को नष्ट भी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केजरीवाल को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए, उनका तर्क है कि मुख्यमंत्री का पद पर बने रहना भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को कमजोर करता है।

भाटिया ने कहा कि कोर्ट में उनकी दलील थी कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अपीलकर्ता की गिरफ्तारी किसी भी अवैधता से ग्रस्त नहीं है। कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के दुष्प्रचार का भंडाफोड़ किया। अरविंद केजरीवाल को किसी भी अदालत से कभी राहत नहीं मिली और न ही कोई आरोप रद्द किया गया है। उन्होंने कहा कि आप को जवाब देना होगा कि अरविंद केजरीवाल इस्तीफा क्यों नहीं दे रहे हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ बीजेपी की जीरो टॉलरेंस है। भ्रष्ट केजरीवाल एक दिन झुकेंगे और लोग उनसे इस्तीफा मांगेंगे।

दिल्ली बीजेपी प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल से पद छोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि उनमें नैतिकता बची है, तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। केजरीवाल और आप के पास कोई नैतिक चरित्र नहीं है। वे बहुत दूर हैं। सचदेवा ने आगे कहा कि आज केजरीवाल को जमानत दे दी गई है। आप जमानती क्लब बन गई है और वहां केजरीवाल का स्वागत है। सुप्रीम कोर्ट ने बहुत गंभीर टिप्पणी की है, उसने कहा है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी थी।

सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल को सशर्त जमानत मिलना कोई विशेष उपलब्धि नहीं है, मुकदमा चलेगा और उन्हें शीघ्र लम्बी सजा मिलेगी। केजरीवाल याद रखें वह अब लालू यादव, मधु कोड़ा जैसे मुख्यमंत्रियों की सूची में आ गए हैं और उन्हें भी जमानत मिली और वह शीघ्र सजा पाकर फिर जेल जाएंगे। उन्होंन कहा कि केजरीवाल को जमानत बेशक मिली हो पर उन्हें अब मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। जब वह मुख्यमंत्री का काम नहीं कर सकेंगे तो वो मुख्यमंत्री क्यों? अगर वह सच्चे हैं तो यह शर्त क्यों? इस्तीफा दें?

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश से हालत बिगड़े, जलभराव से ट्रैफिक जाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। गुरुवार देर रात से ही दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और आस-पास के इलाकों में बारिश हुई जो शुक्रवार दोपहर तक जारी रही। इससे तापमान में गिरावट आई है लेकिन सड़कों पर भरे पानी ने वाहनों पर पर ब्रेक लगा दिया। दिल्ली में कई इलाकों में जलभराव की तस्वीरें सामने आ रही हैं। बारिश के बीच पहाड़गंज में शमशान घाट की दीवार गिर गई। नबी करीम इलाके में एक मकान ढह गया. मलबे से दो लोगों का रेस्क्यू किया गया। जलभराव से हालात बिगड़ते जा रहे है। ट्रैफिक पुलिस भी जाम की स्थिति को सामान्य बनाने की कोशिश में लगी है और लगातार अपडेट जारी कर रही है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि इसको ध्यान में रखते हुए लोग अपनी यात्रा की योजना बनाएं। खानपुर गांव के पास पानी भरने के कारण हमदर्द टी-प्वाइंट से खानपुर की ओर जाने वाले कैरिजवे में एमबी रोड पर यातायात प्रभावित है। इसके अलावा जगह-जगह बसें खराब हो रही हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है।

बता दें कि मौसम विभाग ने पहले ही दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, चंडीगढ़ में शुक्रवार को भारी बारिश होने की संभावना जताई थी। निचले इलाकों में जलभराव की बात कही थी1 मौसम विभाग ने शुक्रवार को दिल्ली में येलो अलर्ट जारी किया था। आज दिल्ली में मध्यम बारिश का अलर्ट है। इसके बाद बारिश में कमी देखी जाने की उम्मीद है। अब वह इस डिप्रेशन से मिल चुका है. यह डिप्रेशन आठ किमी प्रति घंटे की स्पीड से उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर है। इसका असर ग्वालियर, आगरा, झांसी और अलीगढ़ में देखने को मिल रहा है। धीरे-धीरे ये उत्तर-उत्तर-पूर्व की तरफ बढ़ रहा है जिसका असर दिल्ली में देखने को मिल रहा है।

## मायावती के बाद सतीश चंद्र ने अखिलेश को दिखाया आईना... क्यों टूटा गठबंधन

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में सपा-बसपा केगठबंधन टूटने पर बहसबाजी तेज हो गई है। पहले बसपा प्रमुख और पूर्व सीएम मायावती ने गठबंधन टूटने की वजह को लेकर खुलासा किया। इसके बाद सपा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मायावती के खुलासे पर जवाब दिया। अखिलेश ने मायावती को फोन का जवाब न दिए जाने के बाबत कहा है कि हमने फोन किया था। कभी-कभी लोग अपनी बातें छिपाने के लिए ऐसी बातें करते हैं। इसके बाद मायावती और सतीश चंद्र ने अखिलेश पर डबल अटैक किया है। मायावती ने पोस्ट कर कहा कि बीएसपी सैद्धान्तिक कारणों से गठबंधन नहीं करती है और अगर बड़े उद्देश्यों को लेकर कभी गठबंधन करती है, तब फिर उसके प्रति ईमानदार भी जरूर रहती है। सपा के साथ सन 1993 व 2019 में हुए गठबंधन को निभाने का भरपूर प्रयास किया गया, किन्तु 'बहुजन समाज' का हित व आत्म-सम्मान सर्वोपरि। मायावती ने कहा कि बीएसपी जातिवादी संकीर्ण राजनीति के विरुद्ध है। अतः चुनावी स्वार्थ के लिए आपाधापी में गठबंधन करने से अलग हटकर 'बहुजन समाज' में आपसी भाईचारा बनाकर राजनीतिक शक्ति बनाने का मूवमेन्ट है, ताकि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का मिशन सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त कर आत्मनिर्भर हो सके। वहीं सतीश चंद्र ने अखिलेश को निशाने पर लेकर कहा कि मैं सभी को यह अवगत कराना चाहता हूं कि 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा के गठबंधन टूटने की वजह सपा मुखिया खुद हैं, जो मायावती ने अपनी पार्टी द्वारा जारी की गई पुस्तक में लिखा हैं। उन्होंने कहा कि बहन जी के फोन करने के पूर्व मेरे द्वारा फोन करने पर सपा प्रमुख फोन पर नहीं आए, फिर पार्टी कार्यालय से फोन गया और तब फिर भी फोन पर अखिलेश से बात नहीं हुई। फिर भी बहन जी ने बड़े होने के नाते सपा प्रमुख को फोन कर के हौसला देने की कोशिश की थी लेकिन वे फोन पर नहीं आए। और इस सबका परिणाम यह रहा कि बीएसपी को गठबंधन तोड़ना पड़ा।

# आखिर संघ प्रमुख भागवत ने क्या कह दिया... एनडीए को दुविधा में डाल दिया

**नागपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। अब मुद्दे पर विपक्ष से लेकर एनडीए सहयोगी तक ने प्रतिक्रिया देकर कहा कि भागवत ने दुविधा में डाल दिया है। वहीं बीजेपी नेता इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से बच रहे हैं। मिलिंद पराडकर की किताब तंजावुर के मराठा का पुणे में भागवत ने लोकार्पण किया। इस दौरान भागवत द्वारा शिवाजी महाराज की समाधि का श्रेय लोकमान्य तिलक को दिए जाने से नया विवाद खड़ा हो गया है। पुणे में संघ प्रमुख भागवत के दावे ने कि स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने शिवाजी महाराज की समाधि की खोज की थी। भागवत की इस टिप्पणी पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेताओं ने समाज सुधारक ज्योतिराव से श्रेय छीनने की साजिश का आरोप लगाया है।

### शिवाजी की समाधि कहाँ स्थित है?

1680 में शिवाजी महाराज की मृत्यु के बाद रायगढ़ के किले में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बाद में वहां

उनकी एक समाधि बनी। हालांकि शिवाजी की मृत्यु के तुरंत बाद समाधि की उपस्थिति का विवरण देने वाला कोई समकालीन रिकॉर्ड नहीं है। लेकिन कहा जाता है कि एक दशक के अंतराल के बाद किले पर मुगलों का कब्जा हो गया और 1689 से 1733 तक उनके नियंत्रण में रहा। मराठों ने 1733 में किले पर पुनः कब्ज़ा कर यह 1818 तक उनके नियंत्रण में रहा, जब तक की ब्रिटिश सेना ने आक्रमण नहीं किया था। कहा जाता है कि किले पर कब्जे के दौरान अंग्रेजों ने लगातार गोलाबारी की, जिससे समाधि सहित अंदर की कई संरचनाओं को नुकसान पहुंचा।

डॉ.पराडकर द्वारा लिखित पुस्तक तंजावरचे मराठे के विमोचन के मौके पर संघ प्रमुख भागवत ने कहा था कि लोकमान्य तिलक ने रायगढ़ किले में शिवाजी महाराज की जयंती के समारोह की शुरुआत की थी। इस पर महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि की खोज को लेकर संघ प्रमुख भागवत के बयान से असहमति जाहिर की है। उन्होंने कहा कि समाज सुधारक फुले ने रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि की खोज की थी। दरअसल, संघ प्रमुख के बयान के बाद कई नेताओं ने आरोप लगाया है कि तिलक का नाम लेना इतिहास को फिर से लिखने की एक बड़ी हिंदुत्व साजिश का हिस्सा है। इतिहासकारों ने समाधि की खोज करने वाले व्यक्ति के रूप में तिलक का नाम शामिल करने पर भी सवाल उठाया है। दावा किया जाता है कि तिलक द्वारा समाधि की खोज का कोई ऐतिहासिक संदर्भ नहीं है। जबकि तिलक ने 1895 के बाद से स्मारक के लिए एक आंदोलन का नेतृत्व करने में भूमिका निभाई और परियोजना के लिए धन जुटाया, लेकिन जिस बैंक में पैसा जमा किया गया था, वह पूरी राशि डूब गई थी।

## हथौड़ा लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग खुद ही तोड़ने लगे मस्जिद, इसके बाद जो कहा वो कर देगा हैरान

**शिमला (एजेंसी)।** मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा हथौड़ा लेकर खुद ही मस्जिद तोड़ने की घटना की खूब चर्चा हो रही है। शिमला की संजौली मस्जिद को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब मंडी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खुद ही मस्जिद तोड़नी शुरू कर दी है। शिमला की सड़कों पर बवाल देख मंडी में रहने वाले मुस्लिम मस्जिदों के अवैध हिस्से को खुद ही तोड़ रहे हैं। आपको बता दें कि मस्जिद का ये हिस्सा लोक निर्माण विभाग की जमीन पर बनाया गया था जिसे तोड़ा जा रहा है। शिमला और मंडी में हिंदुओं का प्रदर्शन देख पहली बार मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक बड़ा ऐलान किया है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन शांति की बातें करनी शुरू कर दी है।

मुस्लिम पक्ष ने अब खुज संजौली मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने का प्रस्ताव रख दिया है। मस्जिद के इमाम अब बोल रहे हैं कि अमन और भाई चारा बस बना रहना चाहिए। शिमला के जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद शफ़ी कासमीने कहा कि हमने इसमें (ज्ञापन) कहा है कि, इस क्षेत्र में इस सीमावर्ती राज्य में भाईचारे (समुदायों के बीच) की एक बड़ी आवश्यकता है। हम हमेशा यहां रहते हैं सद्भावना बनाए रखने के लिए यदि कोई हिस्सा (मस्जिद का) अवैध है, तो हमें बताएं और हम इसे स्वयं हटाने के लिए तैयार हैं। संजौली मस्जिद के इमाम शैजाद आलम का कहना है कि हमने यह आवेदन इसलिए दिया क्योंकिहिमाचल प्रदेश के सभी लोग दशकों से सद्भाव के साथ रह रहे हैं। हम भविष्य में भी सद्भाव और प्रेम से रहना चाहते हैं।% इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। इसलिए हमने यह आवेदन दिया कि हम उस हिस्से को खुद ही तोड़ देंगे। हम ऐसा किसी के दबाव में नहीं कर रहे हैं, हम पर सिर्फ दबाव है कि सौहार्द बनाए रखना है।

संजौली मस्जिद मामला शिमला पुलिस ने 11 सितंबर को विरोध प्रदर्शन के दौरान पथराव में शामिल लोगों की पहचान कर ली है। पुलिस ने कहा कि मामले के साथ-साथ सामान्य उद्देश्यों के साथ गैरकानूनी सभा की जांच कर रही है। नागरिक समाज जिसने इस विरोध का आयोजन किया और आह्वान किया, वह इस आपराधिक कृत्य के लिए जिम्मेदार होगा। बता दें कि हिमाचल प्रदेश के शिमला के संजौली में मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर एक बार फिर से जमकर बवाल देखने को मिला। 11 सितंबर को संजौली में धारा 163 टूट गई और पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प भी हुई। पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ा था।

# प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर, जनपद को स्वच्छ बनाना हैः जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह।

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)
शासनादेशानुसार सचिव जल शक्ति मंत्रालय, सचिव आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त पत्र के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ पर 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान दिनांक 14.09.2024 से 01.10.2024 तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर मनाया जायेगा। दिनांक 02.10.2024 को महात्मा गांधी की जयंती पर उनको श्रद्धांजलि के दृष्टिगत स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाता रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वैछिक और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा(एस0एच0एस0) अभियान 2017 से आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन की 10वी वर्षगॉठ भी मना रहे है। इस उपलब्धि के दृष्टिगत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम दिनांक 02.10.2024 को स्वच्छ भारत दिवस का समारोह मनाये जाने हेतु दिनांक 14.09.2024 दिनांक 01.10.2024 तक स्वच्छता ही सेवा(एस0एच0एस0) 2024 अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाडे के माध्यम से स्वच्छता के लिए बडी संख्या में नागरिकों की भागीदारी, परम्परागत कचरा वाले चुनौतीपूर्ण स्थलों को चिन्हित करके उन्हें साफ करने का वृहद अभियान चलाने, स्वच्छता कर्मियों के योगदान को पहचानने, पिछले दशक की उपलब्धियों का उत्सव मनाने एवं सम्पूर्ण स्वच्छता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सुनिश्चित की जानी है। उक्त सम्पूर्ण कार्यक्रम जिलाधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया जायेगा। महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ पर 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान जो कि 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर मनाये जाने के सम्बंध में क्रियान्वयन बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ पर 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान दिनांक 14.09.2024 से 01.10.2024 तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर मनाया जायेगा। अभियान को सफल बनाने हेतु सभी विभाग अपनी क्रियान्वयन रिर्पोट अपने नोडल अधिकारी के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान जनपद के सभी ब्लैक स्पॉट (परम्परागत और चुनौतीपूर्ण कचरा स्थलों) को पहले से ही चिन्हित किया जायेंगा। तत्पश्चात राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर से पखवाडे के शुभारम्भ के साथ-साथ दिनांक 14.09.2024 को जनपद स्तर से कार्यक्रम का विधिवत लॉच करायें जायेगा। दिनांक 17.09.2024 को पूर्व से चिन्हित किये गये सभी ब्लैक स्पॉटस को सामूहिक श्रमदान के माध्यम से साफ किया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि (एस0एच0एस0) 2024 अभियान के मुख्यतः 03 स्तम्भ है, जिसमें स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर है। जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह महोदय ने कहा कि जनपद में स्वच्छता सिर्फ स्वच्छता अभियान तक ही सिमित ना रहे इसके लिए जरूरी है लोगों के अन्दर स्वच्छता के प्रति जागरूकता आए, यदि प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो गया तो फिर सम्पूर्ण भारत में स्वच्छ वातावरण होगा। अतः स्वच्छता अभियान के दौरान अधिक से अधिक जनभागीदारी होनी अनिवार्य है। हम सभी को शपथ लेनी होगी की स्वच्छता के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक करना है। स्वच्छ वातावरण में रहना है तो प्रत्येक नागरिक को 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' को आत्मसात करना होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने दिलाई स्वच्छता की शपथ मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल द्वारा सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई गई, जिसमें कहा गया कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा। हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा। सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूंगा। मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा। मैं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगा। वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। बैठक में उपस्थित बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), जिला विकास अधिकारी, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0/मनरेगा, जिला वन अधिकारी,जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी,

जिला सूचना अधिकारी, जिला प्रतिरंक्षण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला आयुश अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, परियोजना अधिकारी डूडा, अधिषासी अभियन्ता जलनिगम, जिला कार्यक्रम अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, अन्य समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, गाजियाबाद, समस्त सहायक विकास अधिकारी(पं0), गाजियाबाद उपस्थित रहे। स्वच्छता की भागीदारी नागरिको समुदायों एवं संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जनजागरूकता, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता से सम्बन्धित प्रतियोगिताऐं, वाकथॉन, मैराथन, वृक्षारोपण इत्यादि विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। अभियान के दौरान स्वच्छ स्ट्रीट फूड चैलेज, कचरे से कला, पुनः चक्रित उत्पादों की बिक्री एवं सांस्कृतिक उत्सव भी सम्मिलित होंगे। अभियान के संदेश को आगे बढानें के लिये प्रभावशाली व्यक्तियों एवं ब्रांड एम्बेस्डर घोषित का उनकी भागीदारी सुनिश्चित करायी जानी है। इस दौरान स्वभाव ,संस्कार, जिम्मेदारी एवं भागीदारी के संदेश के साथ यह कार्य हर घर को अभियान के जोड़कर प्रतियोगिकताऐं आयोजित कर, युवा राजदूत के रूप में युवाओं को जोडकर समूह मे आयोजित कर, रैलियां निकालकर, सोशल मीडिया पर प्रसार कर के उत्कृष्ट कार्य करने वाले को पुरस्कृत किया जा सकता हैं। कुछ सांकेतिक गतिविधियाँ के सुझाव हैं जिसमें 'एक पेड माँ के नाम' के तहत स्थानीय निकायों में सौंदर्यीकरण के साथ-साथ पौधारोपण अभियान चलाया जायेगा। शैक्षिक एवं सार्वजनिक प्रदर्शनी के माध्यम से नागरिकों को स्त्रोत पर पृथककरण, पुनर्चक्रण तकनीक एवं खाद बनाने के लिए इंटरैक्टिव सत्र और प्रदर्शन किया जाना। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से 03 आर मॉडल (रिड्यूस, रीयूज, रिसायकल) केंद्रो और पर्यटन स्थलो पर शून्य अपशिष्ट को रेखांकित करते हुए प्रसारित किया जाना। पखवाडे के दौरान स्वच्छता के संदेश को प्रचारित व प्रसारित करने की दृष्टि से स्वच्छता संवाद, स्वच्छता रैलियां, मानव श्रृखला,स्वच्छता चौपाल, विशेष वार्ड की बैठकें और ग्राम सभा की बैठकें आयोजित कराया जाना। सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए स्वास्थ व स्वच्छता से जोड़कर दौड, साइक्लाथॉन और मैराथन आयोजित किया जाना। वार्ड/ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत साफ-सफाई की स्थिती का मूल्यांकन करते हुए स्वच्छ वार्ड,स्वच्छ ग्राम पंचायत प्रतियोगिता को प्रोत्साहित किया जाये, जिसमें अभिनव प्रयोग, स्वयंसेवी प्रयास और सर्वोच्चतम प्रथाओं का मूल्यांकन शामिल किया जा सकता है। स्कूली बच्चों के साथ शैक्षिक संस्थानों/स्कूलों/आंगनबाडी केंद्रो में कविता, निबंध, चित्रकला और पोस्टर प्रतियोगिताए आयोजित करना तथा युवाओं को सम्मिलित करने और जागरुकता फैलाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित नारे लेखन, प्रश्नोत्तरी और जिगंल प्रतियोगिताए आयोजित करना। विशेष ग्राम सभा की सामुदायिक बैठकों में स्थानीय साफ-सफाई एवं स्वच्छता के विषय एवं उनके समाधान पर केन्द्रित चर्चा किया जाना।स्कूलों में स्वच्छता प्रश्नोत्तरी स्वच्छता और साफ-सफाई के बारे में जागरुकता का परीक्षण करने वाली इंटरैक्टिव प्रतियोगिताए कराया जाना है। सम्पूर्ण स्वच्छता श्रमदान के माध्यम से सम्पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित की जायेगी, जिसमें स्वच्छता हेतु लक्षित इकाईयाँ अनिवार्य रुप से सम्मिलित की जायेगी। नागरिकों को श्रमदान के साथ मेगा स्वच्छता अभियान जिसमें की ग्रामीण क्षेत्रो के सामान्य सफाई पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। सामुदायिक परिसम्पत्तियों जैसे जल निकायो, मार्गो, वाहन स्टैण्डो,स्टेशनो ,कचरा डम्पिंग स्थलो एवं आर0आर0सी0 केन्द्रों इत्यादि को सम्मिलित किया जायेगा। जन भागीदारी के माध्यम से कठिन एवं गंदे स्थलों के के समयबद्ध परिवर्तन पर जोर दिया जायेगा। प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रो का स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से सौन्दर्यीकरण, वृक्षारोपण, कचरे से कला आादि के माध्यम से सार्थक बदलाव किया जायेगा। जहां विशेष सफाई अभियान चलाया जाना चाहिए। जिसके मद्देनजर नागरिक भागीदारी और साझेदारों के सहयोग से वृहद स्वच्छता अभियान, कार्यालय एवं संस्थागत भवन। वाणिज्यिक और बाजार क्षेत्र। शैक्षिणक संस्थान। सार्वजनिक परिवहन केन्द्र, प्रमुख सडकें और राजमार्ग, रेलवें ट्रैक। अभयारण्य, चिडियाघर क्षेत्र, ट्रैकिंग और कैपिंग स्थल। जल निकाय एवं नालें। पर्यटन स्थल, धार्मिक और अध्यात्मिक स्थान। लीगेसी अपशिष्ट स्थल। सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों,सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की सफाई। सभी एस0बी0एम0-जी0 परिसम्मितियों जैसे अपशिष्ट संग्रह वाहन, अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र स्थल और आस-पास के क्षेत्रों आदि का नवीनीकरण, मरम्मत, पैटिंग और रख-रखाव। स्थानीय निकायों द्वारा निर्धारित स्थानीय आवश्यकताऐं पर कार्य किया जाना है।ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकायो एवं सार्वजनिक उपक्रमें में सबसे गंदे ब्लैक स्पॉट की पहचान करना। प्रत्येक वार्ड/ग्राम पंचायत में कम से कम एक ब्लैक स्पॉट चुनना। बडे गॉव/स्थानीय निकायों के लिए यथा सम्भव अधिक कठिन स्थानों का चुनाव किया जा सकता है। इस प्रकार चिन्हित ब्लैक स्पॉट को सी0टी0यू0 (स्वच्छता लक्षित इकाई) के रूप मे चयनित करते हुए दिनांक -01 अक्टूबर,2024 तक निरन्तर अभियान का संचालन किया जायेगा। एस0एच0एस0 2024 पोर्टल को विशेष रूप से सभी केन्द्रीय मंचालयों, राज्य सरकारों, जिलो और स्थानीय निकायों के लिए सी0टी0यू0 साइटों की पहचान और मैपिंग करने के लिए वन-स्टॉप इंटर फेस के रूप में कार्य करने के लिए भारत सरकार द्वारा तैयार किया जा रहा है। जिसका विवरण पृथक से उपलब्ध कराया जायेगा। एक बार ब्लैक स्पॉट की पहचान हो जाने के बाद, उसे साफ करने के लिए लक्षित माना जायेगा और आई0टी0 पोर्टल पर स्वच्छता लक्ष्य इकाईयों,(सी0टी0यू0) या (स्वच्छता लक्षित इकाई) के रूप में मैप किया जायेगा। सभी सी0टी0यू0 साइटों पर साफ करके उसकी घोषणा दिनांक 01 अक्टूबर 2024 को की जायेगी। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर सफाई कर्मियों एवं सफाई कार्यो में लगाये गये श्रमिकों की स्वास्थ्य जॉच हेतु स्वास्थ्य एवं कल्याण शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपचार केन्द्रों कैपों को राज्य,केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के समन्वय से आयोजित कराया जायेगा। इन शिवरों पर विशेष रूप से सफाई मित्रों,सफाई कर्मियों और उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं का पूरे वर्ष लाभ दिलाना। डाक्टरों और निवासियों का संवेदीकरणः सफाई मित्रों/सफाई कर्मचारियों की भूमिकाओं और चुनौतियों के बारे डाक्टरों चिकित्सकों को संज्ञानित कराने के लिए सत्र आयोजित किये जायें। ताकि कर्मचारियों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए बहतर समझ और समर्थन को बढावा दिया जा सकें। सफाई कर्मचारियों को पी0पी0ई0 किट और सुरक्षा गियर का वितरण किया जाना। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना(पी0एम0ए0वाई0)। हर घर नल के लिये अटल नवीनीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत), जल जीवन मिशन (जे0जे0एम0), कोई भी राज्य योजना। शौचालय के लिये पी0एम0 सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य)। गैस कनेक्शन के लिये पी0एम0 उज्जवला योजना। स्वास्थ बीमा के लिये आयुष्मान भारत एवं पी0एम0 जन आरोग्य योजना (पी0एम0-जे0ए0वाई0)। टीकाकरण के लिए मिशन इंद्रधनुष योजना। लोन,ऋण आदि के लिये स्वच्छता उद्यमी योजना (एस0यू0वाई0) और बैंक वित्तपोषण लिंकेज। पी0एम0 जनधन योजना। वन नेशन वन राशन कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, पेंशन योजानाएं, आधार कार्ड-आवश्यकतानुसार आदि की व्यवस्था दी जायेगी

# अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में भूकम्प आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज़ की बैठक आहूत

## हर पदाधिकारी अपने पद की गरिमा को समझते हुए करें कार्यो का निर्वहन :अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) श्री सौरभ भट्ट

➧दायित्वों के प्रति असवेंदनशीलता व लापरवाही बरतने वालों पर होगी सख्त विभागीय कार्यवाहीः श्री सौरभ भट्ट

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद।** अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी उ०प्र० राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के अनुपालन में जनपद गाजियाबाद में दिनांक 20.09.2024 प्रातः 10:00 बजे से भूकम्प आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किये जाने के निर्देश के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) श्री सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अधिकारियो उपजिलाधिकारी लोनी, मुख्य अग्नि शमन अधि०, जिला विद्यालय निरीक्षक, अपर उपनियत्रक (सिविल डिफेन्स), जिला सर्विलान्स अधि०, जे०सी०ओ० एन०सी०सी०, बी०ओ० होमगार्ड, एवं चयनित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्राशासनिक अधि० फैक्ट्री, यातायात निरीक्षक, आपदा विशेषज्ञ /आपदा लिपिक द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में पुलिस विभाग को उक्त मॉक एक्सरसाइज के सम्बन्ध में

आवश्यक पुलिस बल / ट्रैफिक पुलिस को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। सहायक निदेशक कारखाना राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज कराने हेतु मै० हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पो० लि० ग्राम-टीला शाहबाजपुर लोनी गााजियाबाद को चिन्हित किया गया है। सिविल डिफेन्स को चयनित स्थलों पर उनके वोलेन्टियर द्वारा प्रतिभाग करने के निर्देश दिये गये है। जिला विद्यालय निरीक्षक को मॉक एक्सरसाइज कराये जाने हेतु इन्ग्राहम स्कूल राज नगर गाजियाबाद को चिन्हित किया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद को मॉक एक्सरसाइज हेतु वी०वी०आई०पी० एड्रेसिस सोसायटी नूर नगर राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद को चयनित किया गया है। जिला सर्विलान्स अधिकारी स्वास्थ्य विभाग गाजियाबाद को मॉक एक्सरसाइज हेतु चयनित स्थलों पर एम्बुलेंस, अस्थायी मेडिकल कैंप एवं एक हॉस्पिटल चिन्हित कर सूचना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है। कमान्डेंट होमगार्ड को मॉक एक्सरसाइज हेतु चयनित स्थलों पर होमगार्ड की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये गये है। कमॉन्डिग आफिसर एन०सी०सी० को मॉक एक्सरसाइज चयनित स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में एन०सी०सी० कैडेट उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। सभी विभागीय अधिकारियों को चयनित स्थलों पर अपने विभाग से एक एक ऑब्जर्वर नियुक्त करने के निर्देश दिये गये है।

## पात्र मत्स्य पालकों को दिलाया जाए योजनाओं का लाभ, जिससे उनकी आय व रोजगार में हो सके वृद्धिः मंत्री, डॉ0 संजय कुमार निषाद

➧अन्तिम पायदान पर खड़े पात्र लाभार्थी को दिलाया जाए योजनाओं का लाभः डॉ0 संजय कुमार निषाद
योजनाओं को वृहद स्तर पर किया जाएं प्रचार,प्रसारः मंत्री मत्स्य विभाग उ0प्र0

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में माननीय मंत्री, मत्स्य विभाग, उ0प्र0 "डॉ0 संजय कुमार निषाद" द्वारा मत्स्य विभाग, गाजियाबाद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक से पूर्व उनके आगमन पर कलैक्ट्रेट परिसर में माननीय मंत्री जी को गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी महोदय, मुख्य विकास अधिकारी महोदय अन्य अधिकारियों सहित पार्टी पदाधिकारियों द्वारा माननीय मंत्री जी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मंत्री, मत्स्य विभाग, "डॉ0 संजय कुमार निषाद" द्वारा बैठक के दौरान वर्ष 2023-24 के सापेक्ष वर्तमान वर्ष में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की दिनांक 13-09-2024 तक प्रगति, वर्ष 2023-24 के सापेक्ष वर्तमान वर्ष में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की दिनांक 13-09-2024 तक प्रगति, निषाद राज बोट योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष, मछुआ दुर्घटना बीमा, सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना, किसान क्रेडिट कार्ड, सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना, मत्स्य बीज वितरण की प्रगति, ग्राम सभा के तालाबों का दस वर्षीय पट्टा व विभागीय जलाशय आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मंत्री डॉ0 संजय कुमार निषाद कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के मंशानुरूप अंतिम पायदान पर खड़े पात्र लाभार्थी को भी योजना का लाभ पहुंचाना है। बहुत से ऐसे लोग होते हैं जिन्हें योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं होती हैं, इसके लिए योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार,प्रसार किया जाएं। अस्पतालों, झुग्गियों, मछली बाजार के क्षेत्रों सहित अन्य जगह पर कैम्प लगाकर, पम्पलेट बांटकर, होर्डिग,बैनर लगाकर योजनाओं का प्रचार,प्रचार किया जाएं। मछुवारों से जुड़ी समितियां, जन सेवकों, जन प्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं सहित अन्य के माध्यम से हर व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी पहुंचे इसके लिए सहयोग लीजिए। मंत्री जी ने कहा कि निषाद राज बोट योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष, मछुआ दुर्घटना बीमा, सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना, किसान क्रेडिट कार्ड, सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक प्रचार किया जाएं। मत्स्य मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की उपयोजनाओं यथा बायॉफ्लाक पाण्ड निर्माण व निवेश, मोटर साईकिल बिद आइस बाक्स, कियोस्क निर्माण, आर०ए०एस० निर्माण व फीड मिल व किसान क्रेडिट कार्ड, मछुआ दुर्घटना बीमा योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को लाभ दिलाया जाए, जिससे मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि हो सके व रोजगार का भी सृजन हो सके। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य की जल्द से जल्द पूर्ति करने का प्रयास किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, भाजपा महानगर अध्यक्ष शसंजीव शर्मा, जिलाधिकारी, गाजियाबाद इन्द्र विक्रम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद अभिनव गोपाल, जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी सुभाष कश्यप, उप निदेशक मत्स्य मेरठ मण्डल, अग्रणी बैंक प्रबन्धक, खाद्य सुरक्षा अधिकार, जिला परियोजना अधिकारी नेडा, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग, जिला विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी (वि०/रा०) सौरभ भट्ट दायित्वों के प्रति असवेंदनशीलता व लापरवाही बरतने वालों पर होगी सख्त विभागीय कार्यवाहीः सौरभ भट्ट

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी उ०प्र० राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के अनुपालन में जनपद गाजियाबाद में दिनांक 20.09.2024 प्रातः 10:00 बजे से भूकम्प आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किये जाने के निर्देश के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) श्री सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अधिकारियो उपजिलाधिकारी लोनी, मुख्य अग्नि शमन अधि०, जिला विद्यालय निरीक्षक, अपर उपनियत्रक (सिविल डिफेन्स), जिला सर्विलान्स अधि०, जे०सी०ओ० एन०सी०सी०, बी०ओ० होमगार्ड, एवं चयनित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्राशासनिक अधि०

फैक्ट्री, यातायात निरीक्षक, आपदा विशेषज्ञ /आपदा लिपिक द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में पुलिस विभाग को उक्त मॉक एक्सरसाइज के सम्बन्ध में आवश्यक पुलिस बल , ट्रैफिक पुलिस को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। सहायक निदेशक कारखाना राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज कराने हेतु मै० हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पो० लि० ग्राम-टीला शाहबाजपुर लोनी गााजियाबाद को चिन्हित किया गया है। सिविल डिफेन्स को चयनित स्थलों पर उनके वोलेन्टियर द्वारा प्रतिभाग करने के निर्देश दिये गये है। जिला विद्यालय निरीक्षक को मॉक एक्सरसाइज कराये जाने हेतु इन्ग्राहम स्कूल राज नगर गाजियाबाद को चिन्हित किया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद को मॉक एक्सरसाइज हेतु वी०वी०आई०पी० एड्रेसिस सोसायटी नूर नगर राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद को चयनित किया गया है। जिला सर्विलान्स अधिकारी स्वास्थ्य विभाग गाजियाबाद को मॉक एक्सरसाइज हेतु चयनित स्थलों पर एम्बुलेंस, अस्थायी मेडिकल कैंप एवं एक हॉस्पिटल चिन्हित कर सूचना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है। कमान्डेंट होमगार्ड को मॉक एक्सरसाइज हेतु चयनित स्थलों पर होमगार्ड की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये गये है। कमॉन्डिग आफिसर एन०सी०सी० को मॉक एक्सरसाइज चयनित स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में एन०सी०सी० कैडेट उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। सभी विभागीय अधिकारियों को चयनित स्थलों पर अपने विभाग से एक एक ऑब्जर्वर नियुक्त करने के निर्देश दिये गये है।

# रेबीज से डॉक्टर बी.पी.एस. त्यागी ने दी बच्चो को जानकारी,कुत्ता,बिल्ली,बन्दर,गिलहरी,चूहा काटने कैसे बचे

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)
आज दिनांक 13-09-2024 कैसे बचे रेबीज से गाजियाबाद के जाने माने नाक, कान और गले के वरिष्ठ डॉक्टर और अवेकनिंग इंडिया के डायरेक्टर डॉक्टर बी.पी.एस त्यागी ने यह जानकारी आज म.पी. एस. पब्लिक स्कूल संजय नगर में बच्चो को गाजियाबाद रेबीज मुक्त अभियान के अंतरगत दी। उन्होंने बच्चो और स्कूल की अध्यापिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अवेकनिंग इंडिया और एस.बी.एन. स्कूल के सहयोग से गाजियाबाद के स्कूल में बच्चो को रैबीज मुक्त रहने की जानकारी लगातार दी जा रही है और अब तक लगभग 700 स्कूली बच्चो तक यह जानकारी पहुंच चुकी है रेबीज के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह एक जानलेवा बीमारी है जो कि कुत्ता,बिल्ली, बन्दर,गिलहरी,चूहा इत्यादि की काटने से फैलती है और इसका उपचार तुरंत ना किया

जाए तो इसमें पीड़ित की जान चली जाती है उन्होंने रेबीज के टीकाकरण को विस्तार से बताया कि किस तरह टीकाकरण करना चाहिए और यदि जानवर का दांत गढ़ जाता है तो उसी जगह सीरम लगाना अति आवश्यक होता है और पालतू जानवरो को कैसे टीकाकरण करए इस कि भी जानकारी दी इसके अलावा उन्होंने ई.एन.टी. से जुडी बीमारियों के बारे में भी बच्चो को जानकारी दी सभी बच्चो और अध्यापिकाओं ने बड़े ही धयानपूर्वक सभी जानकारियों को सुना और समझा और भविष्य में इसको आगे और लोगो तक पहुंचने की शपथ भी ली एस.बी.एन. स्कूल के डायरेक्टर तरुण रावत जी ने गाजियाबाद के सभी स्कूलों तक यह जानकारी पहुंचने का संकल्प लिया और कहा कि वह अवेकनिंग इंडिया के साथ है और अपना पूरा सहयोग देते रहेंगे और एक दिन गाजियाबाद को ह्लगाजियाबाद रेबीज मुक्तह्व शहर बनाएगे एम.पी.एस.के डायरेक्टर राजीव त्यागी ने कहा की जब उन्हें इस बात की जानकारी मिली कि गाजियाबाद के वरिष्ट डॉक्टर बी.पी.एस. त्यागी उनके स्कूल में गाजियाबाद रेबीज मुक्त अभियान की जानकारी देने आ रहे है तो उन्हें बहुत गौरव महसूस हुआ कि डॉक्टर सहाब ने इसके लिए उनके स्कूल का चयन किया और इसलिए उन्होंने तुरंत अपनी सहमति दे दी उन्होंने कहा की यह उनके लिए और उनके स्कूल की लिए बहुत ही गौरव की बात है कि वह और उनका स्कूल इस अभियान का हिस्सा बनेगा

## संक्षिप्त डायरी

### गाजियाबाद गायों के आश्रय स्थल के पुनर्निर्माण के लिए रखी गई हनुमान कथा।

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)

श्री राधा कृष्ण गौशाला समाना में, गायों के आश्रय स्थल के पुनर्निर्माण के लिए रखी गई हनुमान कथा का आज प्रथम दिन था ' कथावाचक अरविंद ओझा ने कथा में दृष्टांतों एवं अपनी मधुर वाणी के माध्यम से कथा प्रेमियों को भाव विभोर कर दिया रघुनंदन भारद्वाज ने आप सभी से निवेदन है ' यह कथा श्री सनातन धर्म मंदिर राज नगर सेक्टर 5 में दोपहर 3:00 बजे से शुरू होकर शाम 5:30 बजे, सोमवार दिनाक 16-9 2024 तक चलेगी ' आप सभी, अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाए और गौ माता की सेवा के लिए भी सामर्थ अनुसार योगदान दे रघुनंदन भारद्वाज मैं सभी गाजियाबाद वासियों से निवेदन किया की सभी धर्म के काम में भागीदारी करें।

### नगर निगम की खुली पोल अतिक्रमण हटाने में ना कामयाब

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)

एनसीआर के थाना सिहानी गेट क्षेत्र के नासिकपुर फाटक के बराबर में अतिक्रमण फैला हुआ है।जिसकी स्थिति बनी रहती है।एक तरफ नसीरपुर फाटक का जाम दूसरी तरफ इनका अतिक्रमण का जाम बना रहता है।कितनी बार नगर निगम को सूचनाओं दे चुके हैं,मगर नगर निगम ने अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं करि है अगर अब कार्रवाई नहीं होगी तो आम पब्लिक कब तक जाम में झूला सकती है।क्यों अतिक्रमण अभी तक हटा नहीं है क्या नगर निगम अपना काम करने में नाकामयाब है क्यों नगर निगम चुप बैठा हुआ है। एक तरफ तो इन ठेली वाले और दूसरी तरफ अपनी दुकान के आगे कब्जा करके अतिक्रमण फैलाना जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। एक तरफ तो मान्यवर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकारी विभाग की छवि सुधारने में लगे हुए हैं।वहीं सरकारी विभाग अपनी छवि खुद ही खराब कर रहा है। सवाल तो बनता है हमारा और जवाब भी देना होगा अब अधिकारियों को

### गाजियाबाद राष्ट्रीय पोषण माहह्ल मनाया जायेगा जिसमें पोषण कलैण्डर के अनुसार प्रतिदिन पोषण की गतिविधि आयोजित

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)
अपर जिला अधिकारी (सिटी) गंभीर सिंह ने सदर तहसील, गाजियाबाद के बाल विकास परियोजना रजापुर की पोषण जागरुकता रैली को कम्यूनिटी सेंटर, नेहरू नगर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ' उपजिलाधिकारी सदर अरुण दीक्षित ने बताया इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का मुख्य फोकस पोषण से सम्बन्धित सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन, संचार सामुदायिक, सहभागिता एवं जन जागरूकता लाने हेतु प्रचार-प्रसार कर जन मानस मे पोषण स्तर में सुधार लाना है' प्रत्येक वर्ष की तरह 01 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक ह्लराष्ट्रीय पोषण माहह्ल मनाया जायेगा जिसमें पोषण कलैण्डर के अनुसार प्रतिदिन पोषण की गतिविधि आयोजित की जायेगी। खंड विकास अधिकारी आदेश ने बताया रजापुर ब्लॉक के प्रत्येक ग्राम में पोषण माह के प्रचार प्रसार हेतु रैली निकाली जाएगी ' बाल विकास परियोजना अधिकारी शारदा ने बताया पोषण माह की मुख्य थीम एनीमिया (टेस्ट, ट्रीट, टॉक), वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार, पोषण भी पढाई भी (पी०बी०पी०बी०), बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी है। रैली में आंगनवाड़ी द्वारा हरी साग-सब्जी खाना है, एनीमिया दूर भगाना है, संतुलित आहार खाना है कुपोषण दूर भगाना है, सही पोषण देश रोशन, हर बच्चे का है अधिकार, पूरा पोषण पूरा प्यार, सही पोषण, देश रोशन, आंगनवाड़ी केंद्र जाना है, कुपोषण को दूर भगाना है, एक पेड़ माँ के नाम जैसे नारे लगाए गए। रैली शहर के विभिन्न मार्ग का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लोगों को पोषण की महत्ता की भी जानकारी दी गई। उक्त रैली में रजापुर की सुपरवाइजर पूनम शर्मा, मीनाक्षी चौहान, लेखारानी और आंगनवाड़ी सरोज, सीमा, राजकुमारी, सुनीता, सुरेशवति आदि उपस्थित रहे '

### असीम अरुण को गाजियाबाद के साथ-साथ हरदोई की भी मिली जिम्मेदारी यूपी बीजेपी में बड़ा एक्शनः 75 में से 73 जिलों के प्रभारी मंत्री बदल

संस्कार उजाला



कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा सहारनपुर के प्रभारी मंत्री नियुक्त राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप को मिली शाहजहांपुर और मैनपुरी की लखनऊ,गाजियाबाद। लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद से यूपी मे भाजपा ने बड़ा एक्शन लिया है। यूपी के 75 में से 73 जिलों के प्रभारी मंत्रियों को बदल दिया गया है। गुरुवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सभी मंत्रियों की बैठक भी बुलाई थी। इसी बैठक के बीच ही यह फैसला लिया गया है। फिलहाल दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक को कोई जिला नहीं दिया गया है। सीएम योगी के आवास पर हुई मंत्रीपरिषद की बैठक में दोनो डिप्टी सीएम और सभी मंत्री मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने भी इस दौरान जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विधानसभा उपचुनाव को लेकर की गई तैयारियो की समीक्षा भी की। सुशासन, संवाद व समन्वय का मंत्र दिया। बैठक में प्रभारी मंत्रियो के जिलों में हुए अब तक के काम-काज की समीक्षा की गई। इसी के बाद प्रभारी मंत्रियो के जिलों में बदलाव किया गया। गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण को हरदोई की भी जिम्मेदारी दी है। कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा सहारनपुर के प्रभारी मंत्री होंगे जबकि राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप शाहजहांपुर और मैनपुरी,बृजेश सिंह गौतमबुद्ध नगर,कपिलदेव अग्रवाल को बिजनौर के साथ हापुड़ असीम अरुण को गाजियाबाद के साथ-साथ हरदोई की भी मिली जिम्मेदारी

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011